क्रम सं.	अनुषंगी कंपनी का नाम	पता	निदेशकों का नाम	कारोबार संबंधी कार्यकलाप

आस्तियों और देयताओं के ब्यौरे (31 मार्च 200.. की स्थिति)

भाग - 1

जनता की जमाराशियां

(राशि लाख रुपयों में)

मद संख्या	विवरण	मद कूट	खातों की संख्या	राशि
1.	सावधि जमाराशियों, आवर्ती जमाराशियों आदि के रूप में जनता से प्राप्त जमाराशियां	111		
2.	(i) पब्लिक लिमिटेड कंपनी (*निधियों* से इतर) द्वारा शेयरधारकों से प्राप्त जमाराशियां	112		
	(ii) प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा पहले नाम वाले शेयरधारक से इतर संयुक्त शेयरधारकों के प्राप्त जमाराशियां	113		
3.	(i) अपरिवर्तनीय बेजमानती डिबेंचरों के निर्गम द्वारा प्राप्त राशि (कृपया नीचे दिया गया अनुदेश सं. 1 देखें)	114		
	(ii) अन्य किसी प्रकार की जनता की जमाराशियां	115		
4.	**जोड़ (111 से 115)**	**110**		
5.	उक्त मद 4 में दर्शायी गयी कुल जमाराशियों में से निम्नलिखित अवधि में देय (i) 1 वर्ष के भीतर	121		
	(ii) 1 वर्ष बाद परन्तु 2 वर्ष तक	122		
	(iii) 2 वर्ष बाद परन्तु 3 वर्ष तक	123		
	(iv) 3 वर्ष बाद परन्तु 5वर्ष तक तथा	124		
	(v) 5 वर्ष बाद	125		
6.	**जोड़ (121 से 125)**	**120**		
7.	निम्नलिखित ब्याज दर के अनुसार उक्त मद 4 में जनता की जमाराशियों के ब्यौरे (दलाली, यदि कोई हो, को छोड़कर) (i) 10% से कम	131		
	(ii) 10% या अधिक परन्तु 12% से कम	132		
	(iii) 12% या अधिक परन्तु 14% से कम	133		
	(iv) 14% या अधिक परन्तु 16% से कम	134		
	(v) 16%	135		
	(vi) 16% से अधिक परन्तु 18% तक	136		
	(vii) 18% से अधिक	137		
8.	**जोड़ (131 to 137)**	**130**		

9.	मात्रा के अनुसार जनता की जमाराशियों के ब्यौरे i) जनता से प्राप्त सावधि जमाराशियां आदि (उक्त मद सं. 1 देखें)			
	क) 10,000 रुपये तक	141		
	ख) 10,000 रुपये से अधिक	142		
	ii) पब्लिक लि. कंपनियों के मामले में शेयरधारकों से प्राप्त जमाराशियां (उक्त मद सं. 2 देखें)			
	क) 10,000 रुपये तक	143		
	ख) 10,000 रुपये से अधिक	144		
	iii) अपरिवर्तनीय बेजमानती डिबेंचर (उक्त मद सं. 3 देखें)			
	क) 10,000 रुपये तक	145		
	ख) 10,000 रुपये से अधिक	146		
10.	**जोड़ (141 से 146) [मद 110 के सामने दर्शायी गयी राशि से मिलना चाहिए]**	**140**		
11.	उक्त मद 4 में दर्शायी गयी जमाराशियों में से : i) अवधिपूर्ण हो गयी परंतु दावा न की गयी जमाराशियां	151		
	ii) अवधिपूर्ण हो गयी, दावा की गयी परंतु अदा न की गयी जमाराशियां (कृपया नीचे अनुदेश सं. 2 देखें) क) जनता से (उक्त मद सं. 1 देखें)	152 153		
	ख) शेयरधारकों से (उक्त मद सं. 2 देखें)	154		
	ग) डिबेंचर धारकों से (उक्त मद सं. 3 देखें) (कृपया (क) (ख) और (ग) के ब्यौरे अनुबंध सं. .... में प्रस्तुत करें)	155		
	iii) उक्त मद (ii) के सामने दर्शायी गयी ऐसी जमाराशियां जिनमें कंपनी विधि बोर्ड ने चुकौती के आदेश पारित कर दिये हैं	156		
12.	दलाली अदा करके वर्ष के दौरान जुटायी गयी जनता की जमाराशियां	157		
13.	अदा की गयी दलाली	158		
14.	12 में 13 का %	159		
15.	अवधिपूर्ण हो गयी परंतु सात वर्ष तक, अवधिपूर्णता के वर्ष को शामिल करते हुए, दावा न की गयी जनता की जमाराशियां	160		

<u>अनुदेश :</u>

1. आंशिक रूप से परिवर्तनीय डिबेंचरों / बांडों के मामले में, परिवर्तनीय हिस्से को भाग - 2 की मद 9 के सामने दर्शाना चाहिए । अपरिवर्तनीय बेजमानती डिबेंचरों को इस मद के अंतर्गत शामिल किया जाना चाहिए ।
2. प्रत्येक जमाराशि की चुकौती न किये जाने के कारण तथा कंपनी विधि बोर्ड के आदेश (यदि कोई हो) के अनुपालन सहित चुकौती के लिए उठाये गये कदमों के बारे में एक अनुबंध के रूप में सूचित किया जाना चाहिए ।

भाग - 2

अन्य उधार राशियों के विवरण

मद सं.	विवरण	मद कूट	खातों की सं.	राशि
1.	केंद्र / राज्य सरकार / स्थानीय प्राधिकरण / अन्यों से उधार ली गयी ऐसी राशियां, जिनकी चुकौती केन्द्र / राज्य सरकारों द्वारा गारंटीकृत है	221		
2.	निम्नलिखित से उधार ली गयी राशि :			
	i) विदेशी सरकार	222		
	ii) विदेशी प्राधिकरण	223		
	iii) विदेशी नागरिक या व्यक्ति	224		
	जोड़ (222 से 224)	**225**		
3.	निम्नलिखित से उधार ली गयी राशियां :			
	(i) बैंक	226		
	(ii) अन्य विनिर्दिष्ट वित्तीय संस्थाएं	227		
4.	किसी अन्य कंपनी से उधार ली गयी राशि	228		
5.	निदेशकों / प्रवर्तकों से लिये गये बेजमानती ऋण	229		
6.	प्राइवेट कंपनी द्वारा अपने शेयरधारकों से उधार ली गयी राशि	230		
7.	कंपनी के कर्मचारियों से जमानती जमाराशि के रूप में प्राप्त तथा कंपनी और कर्मचारियों के नाम में अनुसूचित बैंक या डाकघर में संयुक्त खातों में रखी गयी राशि	231		
8.	सतर्कता राशि, उधारकर्ताओं, पट्टेदार, किरायेदारों से प्राप्त मार्जिन राशि अथवा जमानत के रूप में प्राप्त राशि अथवा कंपनी के कारोबार के दौरान एजेंटों से प्राप्त अग्रिम अथवा माल की आपूर्ति के लिए प्राप्त आदेशों या संपत्तियों या सेवा प्रदान करने के लिए प्राप्त अग्रिम के रूप में प्राप्त राशि	232		
9.	परिवर्तनीय या जमानती डिबेंचर / बांड जारी करके प्राप्त राशि (कृपया नीचे दिया गया अनुदेश देखें)	233		
10.	उक्त में से बैंकों / अन्य गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों द्वारा अभिदत्त डिबेंचर	234		

11.	आबंटन होने तक के शेयरों, बांडों या डिबेंचरों में अभिदान के द्वारा प्राप्त राशि अथवा शेयरों पर अग्रिम मांग के द्वारा प्राप्त राशि (पुनर्वित्त के लिए पात्र नहीं)	235		
12.	वाणिज्यिक पत्र	236		
13.	निदेशकों के रिश्तेदारों से प्राप्त जमाराशियां	237		
14.	म्युच्युअल फंडों से उधार ली गयी राशियां	238		
15.	अन्य कोई (जनता की जमाराशि के रूप में न माना गया - कृपया विनिर्दिष्ट करें)	239		
16.	**जोड़ (221 + 225 + 226 to 233+ 235 से 239)**	**250**		

<u>अनुदेश :</u>

आंशिक रूप से परिवर्तनीय डिबेंचरों / बांडों के मामले में सिर्फ परिवर्तनीय अंश को उक्त भाग - 2 की मद 9 के सामने दर्शाया जाना चाहिए ।

भाग - 3

शुद्ध स्वाधिकृत निधि

[विवरण की तारीख से पहले के नवीनतम तुलनपत्र के अनुसार अथवा विवरण की तारीख की स्थिति के तुलनपत्र के अनुसार आंकड़े प्रस्तुत किये जाने हैं]

[..................................की स्थिति के अनुसार तुलनपत्र]

मद सं.	विवरण	मद कूट	राशि
1.	पूंजीगत निधियां :		
	(i) प्रदत्त इक्विटी पूंजी	311	
	(ii) प्रदत्त अधिमान शेयर,जो अनिवार्यतः इक्विटी में परिवर्तनीय हैं	312	
	(iii) मुक्त प्रारक्षित निधियां (कृपया नीचे दिया गया अनुदेश सं. 1 देखें)	313	
2.	**जोड़ (311 +312+313) = अ**	**310**	
3.	(i) हानि का संचित शेष	321	
	(ii) आस्थगित राजस्व व्यय की शेष राशि	322	
	(iii) अन्य अगोचर आस्तियां (कृपया विनिर्दिष्ट करें)	323	
4.	**जोड़ (321+322+323) = आ**	**320**	
5.	**स्वाधिकृत निधि (अ - आ) अर्थात् (310-320) = इ**	**330**	
6.	निम्नलिखित के शेयरों में निवेश का बही मूल्य :		
	(i) कंपनी की अनुषंगी संस्थाएं	341	
	(ii) उसी समूह की कंपनियां	342	
	(iii) अन्य सभी गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (ब्यौरे अनुबंध सं.... में)	343	
7.	निम्नलिखित के डिबेंचरों और बांडों में निवेश का बही मूल्य :		
	(i) कंपनी की अनुषंगी संस्थाएं	344	
	(ii) उसी समूह की कंपनियां (ब्यौरे अनुबंध सं.... में)	345	
8.	निम्नलिखित के पास बकाया ऋण और अग्रिम जिनमें खरीद / भुनाये गये बिल, अंतर-कंपनी जमाराशियां किराया खरीद और पट्टा वित्त, वाणिज्यिक पत्र शामिल है :		
	(i) कंपनी की अनुषंगी संस्थाएं	346	
	(ii) उसी समूह की कंपनियां (ब्यौरे अनुबंध सं.... में) [कृपया नीचे दिया गया अनुदेश सं. 2 देखें]	347	
9.	**जोड़ (341 से 347) = ई**	**340**	
10.	**'इ' के 10% के ऊपर 'ई'** **(330 के 10% के ऊपर 340) = उ**	**351**	
11.	**शुद्ध स्वाधिकृत निधि (330 - 351) = ('इ - 'उ')**	**350**	
12.	नवीनतम तुलन-पत्र के अनुसार चुकता अधिमान शेयर पूंजी, जो अनिवार्यतः परिवर्तनीय नहीं है	361	
13.	इस विवरणी की तारीख को चुकता अधिमान शेयर पूंजी, जो अनिवार्यतः परिवर्तनीय नहीं है	362	

14.	विवरणी की तारीख के पहले के नवीनतम तुलन-पत्र के अनुसार कुल देयताएं	363	
15.	इस विवरणी की तारीख को कुल देयताएं	364	

अनुदेश :

1. उक्त मद 1(iii) के अंतर्गत उल्लिखित "मुक्त प्रारक्षित निधियां" में शेयर प्रीमियम खाते, पूंजी और डिबेंचर शोधन प्रारक्षित निधि तथा तुलन-पत्र में दर्शायी गयी या प्रकाशित किसी अन्य प्रारक्षित निधि में जमा शेष शामिल होगी, जो लाभ के आबंटन के माध्यम से निर्मित है परंतु जो :
   (i) भविष्य की किसी देयता की चुकौती या आस्तियों के मूल्यह्रास या अनर्जक आस्तियों / अशोध्य ऋणों हेतु प्रावधान के लिए निर्मित प्रारक्षित निधि नहीं हो; या
   (ii) कंपनी की आस्तियों के पुनर्मूल्यन द्वारा निर्मित प्रारक्षित निधि नहीं हो।

2. किराया खरीद और पट्टा वित्त का अर्थ है :
   (i) किराया खरीद आस्ति के मामले में, प्राप्य भावी किस्तों की राशि जिसमें से अपरिपक्व वित्त प्रभारों का जमा शेष घटाया जाये; और
   (ii) पट्टे वाली आस्तियों के मामले में, पट्टेवाली आस्ति का मूल्यह्रासित बही मूल्य जिसमें / जिसमें से पट्टा समायोजन खाते में जमा शेष जोड़ा / घटाया जाये।

प्राप्य परंतु प्राप्त न की गयी राशि को दोनों मामलों में जोड़ा जाये।

भाग - 4

अंतर-कंपनी जमाराशियों / वाणिज्यिक पत्रों सहित बकाया ऋण और अग्रिम

मद सं.	विवरण	मद कूट	राशि
1.	कंपनी की अनुषंगी कंपनियों में ऋण और अग्रिम आदि	411	
2.	एक ही समूह की कंपनियां	412	
3.	ऐसी कंपनियां, फर्में और स्वाम्य प्रतिष्ठान, जिनमें कंपनी के निदेशकों का पर्याप्त हित है / वे हितबद्ध हैं (कृपया नीचे दिया गया अनुदेश सं. 1 देखें)[ब्यौरे अनुबंध सं........में]	420	
4.	अन्य :		
	(i) कंपनियां, जो एक ही समूह की नहीं हैं	431	
	(ii) निदेशक / प्रवर्तक	432	
	(iii) शेयरधारी	433	
	(iv) स्टाफ-सदस्य	434	
	(v) जमाकर्ता	435	
	(vi) अन्य	436	
5.	**जोड़ (411 +412 +420 +431से 436)**	**400**	

अनुदेश:

(1) 'पर्याप्त हित' का वही अर्थ होगा, जो गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी विवेकपूर्ण मानदंड (रिज़र्व बैंक) निदेशावली, 1998 में उसे दिया गया है ;

(2) फुटकर देनदार, अग्रिम रूप में अदा किये गये कर और अन्य वसूलीयोग्य ऐसी मदों, जो ऋण और अग्रिम के स्वरूप की नहीं हैं, को उपर्युक्त भाग-4 में **नहीं** दर्शाया जाना चाहिए ।

(3) अन्य कंपनियों के पास रहनेवाली सावधि जमाराशियों को मामले के अनुसार मद 1, 2, 3 और 4(i) के अंतर्गत शामिल किया जाना चाहिए ।

(4) भाव उद्धृत न किये जानेवाले डिबेंचरों में निवेश को ऋण माना जाना चाहिए, निवेश नहीं ।

भाग - 5 (i)

निवेश (बही मूल्य पर)

मद सं.	विवरण	मद कूट	राशि
1.	निम्नलिखित में निवेश -		
	(i) बैंकों के पास सावधि जमाराशियां / बैंकों द्वारा आरी जमा प्रमाणपत्र	541	
	(ii) बैंक (बैंकों) के पास किन्हीं अन्य जमा खातों में जमा शेष	542	
	(iii) केन्द्र / राज्य सरकारों की प्रतिभूतियां और केन्द्र / राज्य सरकारों द्वारा गारंटीकृत बांड	543	
	(iv) भारतीय यूनिट ट्रस्ट के यूनिट	544	
	(v) अन्य (कृपया विनिर्दिष्ट करें ...)	545	
2.	शेयरों में निवेश :		
	(i) उद्धृत किये जानेवाले	511	
	(ii) उद्धृत न किये जानेवाले	512	
3.	डिबेंचरों और बांडों में निवेश	515	
4.	जिन कंपनियों में निदेशकों का पर्याप्त हित है उनके शेयरों और डिबेंचरों / बांडों में निवेश (कृपया भाग - 4 का अनुदेश सं. 1 देखें) (ब्यौरे अनुबंध सं. . . . . में)	520	
5.	**जोड़ [541 से 545 + 511 + 512 + 515 + 520]**	**500**	

अनुदेश :

(1) निवेश खाते में या व्यापारगत स्टॉक के रूप में धारित शेयरों, डिबेंचरों और वाणिज्यिक पत्रों के ब्यौरे इस भाग में शामिल किये जाने चाहिए ।

(2) अन्य कंपनियों के पास सावधि जमाराशि को यहां शामिल नहीं किया जाना चाहिए, परन्तु उसे भाग-4 में दिखाना चाहिए ।

(3) भाव उद्धृत न किये जानेवाले डिबेंचरों / बांडों में निवेश को ऋण माना जाना चाहिए, निवेश नहीं ।

भाग - 5 (ii)

उद्धृत शेयर / डिबेंचर / बांड / वाणिज्यिक पत्र

मद सं.	विवरण	मद कूट	राशि
1.	बही मूल्य	551	
2.	बाजार मूल्य	552	

भाग - 6

किराया खरीद कारोबार

मद सं.	किराये पर दिये जानेवाले माल का स्वरूप	मद कूट	खातों की संख्या	राशि
1.	ऑटोमोबाइल -			
	(i) भारी वाणिज्यिक वाहन	611		

	(ii) बुपहिया वाहनों सहित हल्के वाणिज्यिक वाहन	612		
	(iii) अन्य	613		
2.	**जोड़ [611+612+613]**	**610**		
3.	टिकाऊ घरेलू वस्तुएं	621		
4.	डाटा प्रोसेसिंग / ऑफिस ऑटोमेशन उपकरण	622		
5.	कृषि के उपकरण (ट्रेक्टर, बुलडोजर आदि)	623		
6.	औद्योगिक मशीनें या उद्योगों में उपयोग के लिए औजार या उपकरण	624		
7.	अन्य सभी	625		
8.	**जोड़ [610+ 621 से 625]**	**600**		
9.	उपर्युक्त 8 में से, निम्नलिखित से देय राशियां - अनुषंगी कंपनियां / एक ही समूह की कंपनियां / ऐसी कंपनियां, फर्म और स्वाम्य प्रतिष्ठान, जिनमें कंपनी के निदेशकों का पर्याप्त हित है	691		

भाग - 7

उपकरण पट्टे पर देने का कारोबार

मद सं.	पट्टे पर दिये जानेवाले उपकरण का स्वरूप	मद कूट	पट्टे पर दी गयी सकल आस्तियां	संचित मूल्यह्रास +/- पट्टा समायोजन खाता	पट्टे पर दी गयी शुद्ध आस्तियां तथा प्राप्य पर प्राप्त न की गयी राशियां
1.	संयंत्र और मशीनें	701			
2.	डाटा प्रोसेसिंग / कार्यालय उपकरण	702			
3.	वाहन	703			
4.	अन्य	704			
5.	**जोड़ (701+702+703+704)**	**700**			
6.	उपर्युक्त 5 में से, निम्नलिखित से देय राशि - अनुषंगी कंपनियां / एक ही समूह की कंपनियां / ऐसी कंपनियां, फर्म और स्वाम्य प्रतिष्ठान, जिनमें कंपनी के निदेशकों का पर्याप्त हित है / या वे हितबद्ध हैं।	791			

भाग - 8

बिल कारोबार

मद सं.	विवरण	मद कूट	राशि
1.	खरीदे गये / भुनाये गये ऐसे बिल, जिनमें आहर्ता, अदाकर्ता अथवा कोई पृष्ठांकिती निम्नलिखित में से हो : (i) कंपनियों की सहायक संस्थाएं	801	
	(ii) उसी समूह की कंपनियां	802	
	(iii) ऐसी कंपनियां या फर्में, जिनमें कंपनी के किसी निदेशक का पर्याप्त हित हो अथवा उसके द्वारा स्वाधिकृत स्वाम्य प्रतिष्ठान	803	
2.	उक्त 1 से इतर खरीदे गये / भुनाये गये बिल	820	
3.	**जोड़ (801 + 802 + 803 + 820)**	**800**	

भाग - 9
अन्य अचल आस्तियों के बारे में विवरण

मद सं.	विवरण	मद कूट	राशि
1.	अचल आस्तियां		
	(i) अपने उपयोग के लिए भूमि और भवन	901	
	(ii) भूमि और भवन - अन्य	902	
	(iii) फर्नीचर और फिक्सचर	903	
	(iv) वाहन	904	
2.	अगोचर आस्तियों को छोड़कर अन्य आस्तियां	905	
3	**अन्य आस्तियों का जोड़ (901 + 902 + 903 + 904+905)**	**910**	
4.	**कुल आस्तियां [अगोचर आस्तियों को छोड़कर] (400 + 500 + 600 + 700 + 800 + 910]**	**900**	

भाग - 10

31 मार्च 200.. को समाप्त वर्ष के लिए व्यवसाय संबंधी आंकड़े / सूचना

मद सं.	विवरण	मद कूट	राशि
	I. संवितरण (निधि आधारित कार्यकलाप)		
1	उपकरण पट्टे पर देना :		
	(क) विवरणी की तारीख को बकाया शेष राशियां	1001	
	(ख) वर्ष के दौरान कुल संवितरण	1002	
2	किराया खरीद :		
	(क) विवरणी की तारीख को बकाया शेष राशियां	1003	
	(ख) वर्ष के दौरान कुल संवितरण	1004	
3	**ऋण**		
	(क) कंपनियों को शेयरों की जमानत पर ऋण :		
	(i) विवरणी की तारीख को बकाया शेष राशियां	1005	
	(ii) वर्ष के दौरान कुल संवितरण	1006	
	(ख) व्यक्तियों को शेयरों की जमानत पर ऋण :		
	(i) विवरणी की तारीख को बकाया शेष राशियां	1007	
	(ii) वर्ष के दौरान कुल संवितरण	1008	
	(ग) दलालों को शेयरों की जमानत पर ऋण :		
	(i) विवरणी की तारीख को बकाया शेष राशियां	1009	
	(ii) वर्ष के दौरान कुल संवितरण	1010	
	(घ) आरंभिक सार्वजनिक निर्गमों को वित्तपोषित करने के लिए ऋण :		
	(i) विवरणी की तारीख को बकाया शेष राशियां	1011	
	(ii) वर्ष के दौरान कुल संवितरण	1012	
	(ङ) अंतर-कंपनी ऋण / जमाराशियां :		
	(i) विवरणी की तारीख को बकाया शेष राशियां	1013	
	(ii) वर्ष के दौरान कुल संवितरण	1014	
	(च) अन्य	1015	
4	खरीदे गये / भुनाये गये बिल :		
	(क) विवरणी की तारीख को बकाया शेष राशियां	1016	
	(ख) वर्ष के दौरान कुल संवितरण	1017	
5	4 में से, पुनः भुनाये गये बिल :		
	(क) विवरणी की तारीख को बकाया शेष राशियां	1018	
	(ख) वर्ष के दौरान कुल मात्रा	1019	
	II. शेयरों / प्रतिभूतियों (कोट किये गये, एसएलआर से इतर) में लेनदेन		
6	शेयरों / डिबेंचरों / वाणिज्यिक पत्रों की खरीद / बिक्री :		
	(क) खरीद	1020	
	(ख) बिक्री	1021	
	III. शुल्क आधारित कार्यकलाप		
7.	पूंजी बाजार संबंधी परिचालनों के लिए जारी की गयी गारंटियां :		
	(क) विवरणी की तारीख को बकाया शेष राशियां	1022	
	(ख) वर्ष के दौरान कुल मात्रा	1023	

8.	अन्य प्रयोजनों के लिए जारी की गयी गारंटियां :		
	(क) विवरणी की तारीख को बकाया शेष राशियां	1024	
	(ख) वर्ष के दौरान कुल मात्रा	1025	
9	वर्ष के दौरान समूहित (सिंडिकेटेड) लीज / किराया खरीद	1026	
10.	वर्ष के दौरान समूहित ऋण / अंतर-कंपनी जमाराशियां	1027	
11	वर्ष के दौरान समूहित बिल	1028	
12	हामीदारी :		
	(क) हामीदारी की कुल राशि	1029	
	(ख) न्यागत राशि	1030	
	(ग) बकाया वचनबद्धताएं	1031	

भाग - 10(अ)

अतिदेय राशियों की स्थिति

मद सं.	विवरण	मद कूट	राशि
1	12 महीने से अधिक समय से अतिदेय लीज	1041	
2	12 महीने तक अतिदेय लीज	1042	
3	12 महीने से अधिक समय से अतिदेय किराया खरीद	1043	
4	12 महीने तक अतिदेय किराया खरीद	1044	
5	6 महीने से अधिक समय से अतिदेय अन्य राशियां	1045	
6	6 महीने तक अतिदेय अन्य राशियां	1046	
7	**जोड़ (1041 से 1046)**	**1040**	

भाग - 11

चुनिंदा आय और व्यय के विवरण

(कृपया नीचे दिये गये अनुदेश देखें)

	निधि-आधारित आय :		
1	सकल लीज आय	1101	
2	घटायें : पट्टे पर दी गयी आस्तियों पर मूल्यह्रास + / - लीज समकरण	1102	
3	शुद्ध लीज आय (1101-1102)	1103	
4	किराया खरीद आय	1104	
5	बिल भुनाने से संबंधित आय	1105	
6	निवेश आय		
	(क) लाभांश / ब्याज	1106	
	(ख) शेयर / डिबेंचर / वाणिज्यिक पत्रों की बिक्री पर लाभ / हानि (+ / -)	1107	
7	ब्याज संबंधी आय		
	(क) अंतर-कंपनी जमाराशियां / ऋण	1108	
	(ख) अन्य ऋण और अग्रिम	1109	
8	अन्य निधि आधारित आय	1110	
9	कुल निधि आधारित आय (1103 से 1110)	**1111**	
	शुल्क आधारित आय		
10	व्यापारिक बैंकिंग संबंधी कार्यकलापों से आय	1112	
11	हामीदारी कमीशन	1113	
12	बिलों, ऋणों, अंतर-कंपनी जमाराशियों, लीज और किराया खरीद के समूहन से प्राप्त आय	1114	
13	विविध आय	1115	

	(ख) वर्ष के दौरान कुल मात्रा	1023	
8.	अन्य प्रयोजनों के लिए जारी की गयी गारंटियां :		
	(क) विवरणी की तारीख को बकाया शेष राशियां	1024	
	(ख) वर्ष के दौरान कुल मात्रा	1025	
9	वर्ष के दौरान समूहित (सिंडिकेटेड) लीज़ / किराया खरीद	1026	
10.	वर्ष के दौरान समूहित ऋण / अंतर-कंपनी जमाराशियां	1027	
11	वर्ष के दौरान समूहित बिल	1028	
12	हामीदारी : (क) हामीदारी की कुल राशि	1029	
	(ख) न्यागत राशि	1030	
	(ग) बकाया वचनबद्धताएं	1031	

भाग - 10(अ)

अतिदेय राशियों की स्थिति

मद सं.	विवरण	मद कूट	राशि
1	12 महीने से अधिक समय से अतिदेय लीज़	1041	
2	12 महीने तक अतिदेय लीज़	1042	
3	12 महीने से अधिक समय से अतिदेय किराया खरीद	1043	
4	12 महीने तक अतिदेय किराया खरीद	1044	
5	6 महीने से अधिक समय से अतिदेय अन्य राशियां	1045	
6	6 महीने तक अतिदेय अन्य राशियां	1046	
7	**जोड़ (1041 से 1046)**	**1040**	

भाग - 11

सुविधा आय और व्यय के विवरण

(कृपया नीचे दिये गये अनुदेश देखें)

	निधि-आधारित आय : सकल लीज़ आय	1101	
2	घटाएं : पट्टे पर दी गयी आस्तियों पर मूल्यह्रास + / - लीज़ समकरण	1102	
3	शुद्ध लीज़ आय (1101-1102)	1103	
4	किराया खरीद आय	1104	
5	बिल भुनाने से संबंधित आय	1105	
6	निवेश आय (क) लाभांश / ब्याज	1106	
	(ख) शेयर / डिबेंचर / वाणिज्यिक पत्रों की बिक्री पर लाभ / हानि (+ / -)	1107	
7	ब्याज संबंधी आय (क) अंतर-कंपनी जमाराशियां / ऋण	1108	
	(ख) अन्य ऋण और अग्रिम	1109	
8	अन्य निधि आधारित आय	1110	
9	कुल निधि आधारित आय (1103 से 1110)	1111	
10	**शुल्क आधारित आय** व्यापारिक बैंकिंग संबंधी कार्यकलापों से आय	1112	
11	हामीदारी कमीशन	1113	
12	बिलों, ऋणों, अंतर-कंपनी जमाराशियों, लीज़ और किराया खरीद के समूहन से प्राप्त	1114	

प्रमाणपत्र

1. प्रमाणित किया जाता है कि गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी जनता की जमाराशि स्वीकरण (रिज़र्व बैंक) निदेशावली, 1998* (समय-समय पर यथासंशोधित) / विविध गैर बैंकिंग कंपनी (रिज़र्व बैंक) निदेशावली, 1977*, जैसी स्थिति हो, में निहित निदेशों का अनुपालन किया जा रहा है ।

2. साथ ही यह भी प्रमाणित किया जाता है कि इस विवरणी में प्रस्तुत ब्यौरों / सूचना का सत्यापन किया गया है तथा उन्हें सही और हर तरह से पूर्ण पाया गया है ।

(* जो लागू न हो उसे काट दें)

प्रबंधक / प्रबंध निदेशक / प्राधिकृत अधिकारी
के हस्ताक्षर

दिनांक :
स्थान :

लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट

हमने इस विवरणी में प्रस्तुत आंकड़ों के संबंध में ....कंपनी लिमिटेड द्वारा रखी गयी लेखा बहियों तथा अन्य रिकार्डों की जांच की है तथा हम सूचित करते हैं कि हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और हमें दी गयी सूचना एवं स्पष्टीकरणों के अनुसार तथा हमारे द्वारा जांचे गये रिकार्डों के अनुसार इस विवरणी में प्रस्तुत आंकड़े सही हैं ।

स्थान : हस्ताक्षर :

दिनांक : सनदी लेखाकारों का नाम

विवरणी के संलग्नक :

1. विवरणी के साथ निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने चाहिए, अगर उन्हें पहले से प्रस्तुत न किया गया हो । कृपया संलग्न किये गये दस्तावेजों के लिए मद के सामने बॉक्स में टिक करें और अन्य मामलों में उन्हें प्रस्तुत किये जाने की तारीख का उल्लेख करें ।

   (i) विवरणी की तारीख के निकटतम तारीख के लेखा-परीक्षित तुलनपत्र तथा लाभ और हानि लेखा की एक प्रति ।

   (ii) नमूना हस्ताक्षर कार्ड ।

   (iii) 2 जनवरी 1998 की अधिसूचना सं. डीएफसी. 118/डीजी (एसपीटी)-98 के पैराग्राफ 4(12) अथवा 20 जून 1977 की अधिसूचना सं. डीएनबीसी. 39/डीजी(एच)-77 के पैराग्राफ 6 में संदर्भित आवेदनपत्र की एक प्रति ।

2. संलग्न फार्म में प्रधान अधिकारियों तथा निदेशकों के नाम और पतों की एक सूची इस विवरणी के साथ भेजी जानी है ।

भाग - 12

..............................लि. के प्रधान अधिकारियों तथा निदेशकों की सूची

I. प्रधान अधिकारी

क्रम सं.	नाम	पदनाम	पता और टेलीफोन नं.	यदि किसी कंपनी / कंपनियों में निदेशक हों, तो कंपनी / कंपनियों का/के नाम

II. निदेशक

क्रम सं.	नाम	पता	निदेशक, उसकी पत्नी / उसका पति तथा अवयस्क बच्चों द्वारा धारित कंपनी के इक्विटी शेयरों का प्रतिशत	उन अन्य कंपनियों के नाम जहां वे निदेशक हों

प्रबंधक / प्रबंध निदेशक / प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

नाम :

पदनाम :

स्थान :

तारीख :

भारतीय स्टेट बैंक
सहयोगी एवं समनुषंगियां समूह
मुंबई

एसबीडी. क्र. 7 /2000 अगस्त 19, 2000

भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) अधिनियम 1959 की धारा 25, उप धारा (1) के अनुच्छेद (ग) के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक ने श्री बी. वी. वी. राजेश्वर राव, उप महाप्रबंधक (सहयोगी बैंक), भारतीय स्टेट बैंक, सहयोगी एवं समनुषंगियां समूह, मुंबई को दिनांक 1 अक्तूबर 2000 से स्टेट बैंक ऑफ पटियाला के निदेशक पद पर नामित किया है।

(जी. जी. वैद्य)
अ ध्य क्ष

युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया
प्रधान कार्यालय
कलकत्ता

अ धि सू च ना

दिनांक 31 जुलाई, 2000

सं.2/2000. युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया का निदेशक मंडल, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 12 की उपधारा (2) के साथ पठित धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय रिज़र्व बैंक से परामर्श करके और केंद्र सरकार की पूर्व संस्वीकृति से, निम्नलिखित विनियम बनाता है, जो इस प्रकार है :-

1. (1) इन विनियमों का नाम युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी-कर्मचारी (अनुशासन और अपील) (संशोधन) विनियम, 2000 है ।

(2) ये विनियम सरकारी राजपत्र में उनके प्रकाशन की तिथि को प्रभावी होंगे ।

2. युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी-कर्मचारी (अनुशासन और अपील) विनियम, 1976 (इसके पश्चात् जो अब उक्त विनियम के रूप में संदर्भित) में, विनियम 6 में, -

(i) उप-विनियम (3) के लिए, निम्नोक्त उप विनियम उस स्थान पर विकल्प होगा, जो इस प्रकार है :-

"(3)जहां जांच का प्रस्ताव किया गया है, अधिकारी-कर्मचारी के विरूद्ध आरोपों के आधार पर अनुशासनिक प्राधिकारी निर्दिष्ट और स्पष्ट आरोप तैयार करेगा और आरोप की मदें जिनके साथ आरोपों का एक विवरण, जिन दस्तावेजों पर विश्वास किया गया हो उसकी सूची तथा ऐसे दस्तावेजों की प्रतिलिपि और गवाहों की सूची तथा गवाहों के बयान की प्रतिलिपि, यदि हों, जिनको आधार बनाया गया है, लिखित रूप से अधिकारी-कर्मचारी को सूचित करते हुए दिया जाएगा ; जिसे अपने बचाव में एक लिखित विवरण, अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा निर्धारित समय (अनधिक 15 दिन) के भीतर अथवा उक्त प्राधिकारी द्वारा मंजूर ऐसे वर्धित समय के भीतर जमा देना अपेक्षित होगा ।"

"बशर्ते कि जहां दस्तावेजों की प्रतिलिपियां देना संभव न हो, अनुशासनिक प्राधिकारी संबंधित अधिकारी-कर्मचारी को ऐसे दस्तावेजों के, इस हेतु निर्धारित समय के भीतर निरीक्षण की अनुमति देगा ;"

ii) उप विनियम (10) के लिए, निम्नलिखित उप विनियम विकल्प होगा जो यह है :-

"(10) जांच प्राधिकारी उप विनियम (9) के अनुसार मामले को स्थगित करते समय इस आशय के एक आदेश के द्वारा यह रिकार्ड भी करेगा कि अधिकारी-कर्मचारी बचाव की तैयारी के उद्देश्य से –

(i) उसे उपलब्ध कराई गई सूची में उल्लिखित दस्तावेजों का निरीक्षण तुरंत पूरा कर सकता है और यदि उसने उप विनियम (3) के परंतुक में दिए गए के अनुसार पहले ऐसा नहीं किया है, तो ऐसे आदेश की तिथि से किसी भी स्थिति में अनधिक 5 दिन के भीतर ;

(ii) दस्तावेजों और गवाहों, जो वह जांच के लिए चाहता हो, की सूची जमा दे सकता है :

(iii) आदेश के 10 दिन के भीतर अथवा ऐसे अधिक समय जो 10 दिन से अनधिक हो, के भीतर नोटिस दे सकता है जैसा कि जांच प्राधिकारी उपर्युक्त मद (ii) में उल्लिखित दस्तावेजों का पता लगाने या प्रस्तुत करने की अनुमति दे ।

नोट : उपर्युक्त मद (ii) में उल्लिखित दस्तावेजों और गवाहों के परीक्षण की प्रासंगिकता, संबंधित अधिकारी-कर्मचारी द्वारा दी जाएगी ।

फुट नोट : मूल विनियमों के संशोधन निम्नवर्णित विवरणों के अनुसार भारत के राजपत्र में प्रकाशित किए गए थे :-

अधिसूचना सं.		दिनांक
1.	शून्य	
2.		
3.		
4.		

दीपक कुमार भट्टाचार्य

(डी. के. भट्टाचार्य)

महाप्रबंधक (कार्मिक)

सं॰ 3/2000। युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया का निदेशक मंडल, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना, क्रमांक सं॰ ____________, दिनांक ________ का अधिक्रमण करते हुए, भारतीय रिज़र्व बैंक से परामर्श करके और केन्द्र सरकार के पूर्वानुमोदन से, निम्नलिखित विनियम बनाता है, जो इस प्रकार है :-

संक्षिप्त नाम और प्रारंभ :

(1) इन विनियमों का नाम युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी-कर्मचारी (सेवानिवृत्ति के पश्चात् निजी क्षेत्रांतर्गत संस्थाओं में नौकरियों की स्वीकृति) विनियम, 2000 है ।

(2) ये विनियम सरकारी राजपत्र में उनके प्रकाशित होने की तिथि से प्रभावी होंगे ।

2. लागू होना :

ये विनियम निम्नलिखित को छोड़ कर बैंक के सभी अधिकारी-कर्मचारियों पर लागू होंगे :-

(i) बैंक के अध्यक्ष ;
(ii) बैंक के प्रबंध निदेशक ;
(iii) पूर्णकालिक निदेशक, यदि हों ;
(iv) बैंक के (कर्मचारी) पेंशन विनियम, 1995 के अंतर्गत समाहित अधिकारी-कर्मचारीगण ;
(v) वे जो आकस्मिक नियोजन में हों अथवा जिन्हें आकस्मिक निधि से भुगतान किया जाता हो ;
(vi) पंचाट कर्मचारी ;
(vii) संविदा पर अधिकारी ।

3. परिभाषा :

इन विनियमों में, जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो :-

(क) "बैंक" से अभिप्रेत है युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया ;

(ख) "बोर्ड" से अभिप्रेत है युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया का निदेशक बोर्ड ;

(ग) "सक्षम प्राधिकारी" से अभिप्रेत है इन विनियमों के उद्देश्य के लिए बोर्ड द्वारा शक्तिप्राप्त प्राधिकारी ;

(घ) "निजी संस्थाओं में नियोजन" से अभिप्रेत है :-

(i) किसी कंपनी (जिसमें सम्मिलित है बैंककारी कंपनी), सहकारी समिति, फर्म के अधीन में किसी भी हैसियत में एक नियोजन जिसमें शामिल है अभिकर्ता की नौकरी भी अथवा व्यापारिक, वाणिज्यिक, औद्योगिक, वित्तीय या व्यावसायिक कारोबार में लगे व्यक्ति और ऐसी कंपनी (जिसमें सम्मिलित है बैंकिंग कंपनी) का निदेशकत्व तथा ऐसे फर्म की भागीदारी शामिल है; परंतु केन्द्र

सरकार अथवा किसी राज्य सरकार द्वारा पूर्णतः या पर्याप्त रूप से स्वामित्व अथवा नियंत्रित किसी कंपनी निकाय के अधीन नियोजन शामिल नहीं है;

§ii§ स्वतंत्र रूप से अथवा किसी फर्म में भागीदार के रूप में व्यवसाय शुरू करना, सलाहकार या परामर्शदाता के रूप में ऐसे मामलों में जिनके संबंध में उस व्यक्ति की :-

§क§ कोई व्यावसायिक योग्यता नहीं है और जिन विषयों के संबंध में व्यवसाय शुरू करना है, वे उसके कार्यालयीन ज्ञान या अनुभव से संबंधयोग्य है, अथवा

§ख§ कोई व्यावसायिक योग्यता नहीं है, परंतु जिन विषयों के संबंध में व्यवसाय शुरू करना है वे ऐसे हैं जो उसके, पूर्व कार्यालयीन हैसियत के कारण उसके ग्राहकों को अनुचित सुविधा दे सकते हैं; अथवा

§ग§ उसे ऐसे कार्य करने हैं जिनके लिए उसे बैंक के कार्यालयों या अधिकारियों से संपर्क या संयोग करना है ।

व्याख्या : इस खंड के उद्देश्य के लिए, "सहकारी समिति के अधीन नियोजन" अभिव्यक्ति में सम्मिलित है किसी कार्यालय का धारण, चाहे निर्वाचन-सापेक्ष हो या अन्यथा, यथाः सभापति, अध्यक्ष, प्रबंधक, सचिव, कोषाध्यक्ष और ऐसे ही पद, जैसा भी ऐसी कंपनी में होते हों ।

§ङ0§ "अधिकारी-कर्मचारी" से अभिप्रेत है ऐसा व्यक्ति जिसने बैंक में पर्यवेक्षक, प्रशासनिक या प्रबंधकीय पद धारण किया है अथवा कोई अन्य व्यक्ति जिसे बैंक में अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था और/अथवा सेवानिवृत्ति के समय में, चाहे पदनाम जो भी हो, जिसने अधिकारी के रूप में कार्य किया हो ।

4. सेवानिवृत्ति के पश्चात् नियोजन की स्वीकृति :

§1§ यदि किसी व्यक्ति ने अपनी सेवानिवृत्ति के तुरंत पहले अधिकारी-कर्मचारी का पद धारण किया हो और अपनी सेवानिवृत्ति की तिथि से दो वर्ष की समाप्ति से पूर्व यदि वह गैर-सरकारी संस्था में नौकरी स्वीकार करना चाहता हो, तो वह ऐसी स्वीकृति के लिए बैंक का पूर्वानुमोदन प्राप्त करेगा ।

§2§ उप विनियम §3§ के प्रावधान के अधीन किसी व्यक्ति के, उसके आवेदन-पत्र में निर्दिष्ट की गई निजी संस्था में नौकरी स्वीकार करने के लिए, आवेदन पर, बैंक लिखित रूप में आदेश द्वारा उसे, कुछ ऐसी शर्तों के अधीन, यदि हों, जो वह आवश्यक समझे, उसे अनुमति दे सकता है या अनुमति अस्वीकार कर सकता है जिसके कारणों का उल्लेख उस आदेश में हो ।

§3§ किसी व्यक्ति को कोई वाणिज्यिक नियोजन स्वीकार करने के लिए उप विनियम §2§ के अंतर्गत अनुमति मंजूर करने अथवा अस्वीकार करने में, बैंक निम्नलिखित तथ्यों को ध्यान में रखेगा, जो इस प्रकार हैं :-

§क§ स्वीकार किए जानेवाले नियोजन की प्रकृति और नियोजक का पूर्ववृत्त;

§ख§ जिस नियोजन को स्वीकार करने का वह प्रस्ताव रखता है क्या उसमें उसकी ड्यूटी ऐसी है जो उसे बैंक के साथ द्वन्द्व में डाल सकता है;

(ग) क्या अधिकारी-कर्मचारी ने सेवा के दौरान उस नियोजक, जिसके अधीन वह नियोजन स्वीकार करने का प्रस्ताव रखता है, से लेनदेन की थी; क्योंकि इससे इस संदेह को औचित्यपूर्ण आधार मिलता है कि उस व्यक्ति ने उस नियोजक को अनुकूलता दिखाई थी;

(घ) क्या प्रस्तावित वाणिज्यिक नियोजन की ड्यूटी में बैंक के साथ संपर्क या संयोग-कार्य सम्मिलित है;

(ङ0) क्या उसकी वाणिज्यिक ड्यूटी ऐसी है कि उसके, बैंक में पूर्व आधिकारिक हैसियत या ज्ञान या अनुभव प्रस्तावित नियोजक को अनुचित सुविधा देने का काम आ सकती है;

(च) प्रस्तावित नियोजक द्वारा दी जानेवाली परिलब्धियां; और

(छ) अन्य कोई संगत तथ्य ।

(4) जहां उप विनियम (2) के अंतर्गत आवेदन-पत्र की प्राप्ति की तिथि से साठ दिन की अवधि के भीतर बैंक आवेदन की गई अनुमति की मंजूरी अस्वीकार नहीं करता है अथवा आवेदक को ऐसी अस्वीकृति की सूचना नहीं देता है तो यह मान लिया जाएगा कि बैंक ने आवेदन की गई अनुमति की मंजूरी दे दी है;

बशर्ते कि किसी भी स्थिति में, जहां आवेदक द्वारा त्रुटिपूर्ण अथवा अपर्याप्त सूचना दी गई हो और आगे उसके स्पष्टीकरण या जानकारी मांगना बैंक के लिए आवश्यक हो गया हो; उस स्थिति में साठ दिन की अवधि की गणना उस तिथि से की जाएगी जिस तिथि को आवेदक द्वारा उन त्रुटियों को दूर किया गया हो अथवा संपूर्ण जानकारी प्रस्तुत की गई हो ।

(5) जहां बैंक किन्हीं शर्तों के अंतर्गत, आवेदन की गई अनुमति की मंजूरी देता है अथवा अनुमति अस्वीकार करता है; आवेदक, बैंक के उस आशय के आदेश की प्राप्ति के तीस दिन के भीतर ऐसी किसी शर्त या अस्वीकृति के विरुद्ध अभ्यावेदन दे सकता है और बैंक जैसा उचित समझे, उस पर अपने आदेश दे सकता है;

बशर्ते कि उस आदेश के सिवाय कि ऐसी शर्त को रद्द करते हुए अथवा बिना किसी शर्त के ऐसी अनुमति को मंजूर करते हुए; अभ्यावेदन देनेवाले उस व्यक्ति को, दिए जानेवाले प्रस्तावित आदेश के विरुद्ध कारण दर्शाने का एक मौका दिए बिना, इस उप विनियम के अंतर्गत अन्य कोई आदेश नहीं दिया जाएगा ।

(6) बैंक द्वारा इस विनियम के अंतर्गत पारित प्रत्येक आदेश की सूचना संबंधित व्यक्ति को दी जाएगी ।

दीपक कुमार भट्टाचार्य
(डी.के. भट्टाचार्य)
महाप्रबंधक (कार्मिक)

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

मुंबई

R-7

यूटी/डीबीडीएम/एसपीडी-119-बी/99-2000 **20 अगस्त, 2000**

भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) की धारा 21 के अंतर्गत बनाई गई यूनिट योजना मासिक आय योजना 2000 (द्वितीय) के संबंध में कथित अधिनियम की धारा 19(1)(8)(सी) के अंतर्गत बनाए गए मासिक आय प्लान 2000 (द्वितीय) का पेशकश दस्तावेज, जिसे 18 जनवरी, 2000 को परिचालन संकल्प द्वारा अनुमोदिन किया गया, इसके नीचे प्रकाशित किया जाता है।

एस. चटर्जी

एस चटर्जी
उप महाप्रबंधक
व्यवसाय विकास एवं विपणन

भारतीय यूनिट ट्रस्ट
मासिक आय प्लान 2000 (सेकंड)
पेशकश (ऑफर) दस्तावेज

पेशकश 19 मई, 2000 से 24 जून, 2000 तक खुली है

यूटीआई मासिक आय प्लान 2000 (सेकंड)

मासिक आय प्लान 2000 (सेकंड) भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (1963 का 52) की धारा 19 (1)(8)(सी) के अंतर्गत बनाया गया है जो कथित अधिनियम की धारा 21 के अंतर्गत यूटीआई के न्यासी मंडल द्वारा बनाई गई यूनिट योजना, मासिक आय योजना 2000 (सेकंड) के संबंध में है। यह पेशकश दस्तावेज योजना के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान करता है जिसे भावी निवेशक निवेश करने से पहले जानना चाहते हैं। पेशकश दस्तावेज भविष्य के संदर्भ हेतु रखे जाने चाहिए।

योजना के विवरण भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1996 के अनुसार तैयार किए गए हैं, यथा तिथि तक संशोधित एवं सेबी के पास पंजीकृत हैं और जन साधारण के अभिदान हेतु पेश किए गए यूनिट सेबी द्वारा न तो अनुमोदित अथवा अननुमोदित किए गए हैं न ही सेबी ने पेशकश दस्तावेज की यथार्थता अथवा पर्याप्तता को ही प्रमाणित किया है।

प्लान का उद्देश्य

यह एक आयोन्मुख प्लान है। प्लान का उद्देश्य मासिक/वार्षिक आधार पर नियमित आय प्रदान कर अथवा 4 वर्ष 9 महीने की अवधि के दौरान आय की संवृद्धि को उपलब्ध करा कर निवेशकों की आवश्यकताओं को पूरा करना है।

विशिष्टताएं

- यह चार वर्ष नौ महीने की अवधि वाला एक नियत कालिक आय प्लान है।
- यह प्लान निवासियों तथा अ-निवासियों दोनों के लिए खुला है।
- इस प्लान के तहत तीन विकल्प हैं : 1) मासिक आय विकल्प 2) वार्षिक आय विकल्प एवं 3) संचयी विकल्प।

- यूनिट का अंकित मूल्य रु. 10/- है एवं यूनिटों की बिक्री सम-मूल्य पर की जाएगी।

- न्यूनतम निवेश रु. 10,000/- है। अधिकतम कोई सीमा नहीं है।

- तीनों विकल्पों के अंतर्गत आय वितरण की घोषणा एवं आय वितरण वारंटों का प्रेषण/आय वितरण का संचयन इस प्रकार किया जाएगा:

विकल्प	लागू अवधि	आय वितरण की दर	वारंट/वारंटों का प्रेषण/ आय का संचयन
मासिक आय	जुलाई 2000 - मार्च 2001	9.25% प्र.व.	सदस्यता सूचना के साथ
	अप्रैल 2001 - जून 2001	9.25% प्र.व.	मार्च/अप्रैल 2001
	जुलाई 2001 - मार्च 2002	मार्च 2001 में घोषित किया जाएगा।	मार्च/अप्रैल 2001
	2005 तक प्रत्येक उत्तरवर्ती अप्रैल - मार्च अवधि हेतु	प्रत्येक वर्ष मार्च माह में घोषणा की जाएगी	मार्च/अप्रैल 2002 और तदुपरांत
वार्षिक आय	जुलाई 2000- जून 2001	9.65% प्र.व.	जून 2001
	जुलाई 2001 - मार्च 2002	मार्च 2001 में घोषित किया जाएगा।	मार्च/अप्रैल 2002
	2005 तक प्रत्येक उत्तरवर्ती अप्रैल - मार्च अवधि हेतु	प्रत्येक वर्ष मार्च माह में घोषणा की जाएगी	मार्च/अप्रैल 2003 और तदुपरांत
संचयी (आय का संचयन किया जाएगा)	जुलाई 2000 - जून 2001	9.65% प्र.व.	जून 2001
	जुलाई 2001 - मार्च 2002	मार्च 2001 में घोषित किया जाएगा।	मार्च/अप्रैल 2002
	2005 तक प्रत्येक उत्तरवर्ती अप्रैल - मार्च अवधि हेतु	प्रत्येक वर्ष मार्च माह में घोषणा की जाएगी	मार्च/अप्रैल 2003 और तदुपरांत

- आवेदन की स्वीकृति तिथि से 30 जून, 2000 तक की अवधि हेतु तीनों विकल्पों के अंतर्गत आनेवाले निवेशकों को 9.25% प्रति वर्ष की दर से आय वितरण का भुगतान किया जाएगा।

- आय वितरण 22 केंद्रों पर ईसीएस के जरिए तथा अन्य स्थानों पर आय वितरण वारंटों को जारी करके किया जाएगा।

- अभिदान बंद हो जाने की तिथि से छः माह के भीतर योजना की यूनिटों को एनएसई के थोक ऋण खंड पर सूचीबद्ध कराया जाएगा।

- तीनों विकल्पों के अंतर्गत पुनर्खरीद 1 जुलाई, 2003 से एनएवी आधारित पुनर्खरीद मूल्य पर की जा सकती है।

- **जब यूनिटों का प्रतिदान एनएवी या सम-मूल्य, जो भी अधिक हो, पर किया जाएगा, योजना में निवेशित पूंजी परिपक्वता पर सुरक्षित रहेगी। ट्रस्ट की विकास प्रारक्षित निधि (डीआरएफ) द्वारा इस पूंजी सुरक्षा की गारंटी दी जाएगी। 01 जुलाई, 2003 से 31 मार्च, 2005 के बीच किए गए पुनर्खरीदों के लिए ऐसी कोई गारंटी नहीं है तथा ऐसे मामलों में पुनर्खरीद मूल्य प्रचलित शुद्ध आस्ति मूल्य के अनुसार होगा।**

- एनआरआई तथा ओसीबी निवेशकों को देय आय वितरण और पुनर्खरीद/प्रतिदान प्राप्तियां पूर्णतया प्रत्यावर्तनीय हैं, जहां निवेश विदेशों में विप्रेषण के माध्यम से या अपने एनआरई खाते को नामे करके अथवा एफसीएनआर जमाओं की राशि से चेक/ड्राफ्ट जारी करके किया गया हो और ऐसे भुगतान/ विप्रेषण के समय निवेशक अनिवासी बना रहता हो।

- वर्तमान में ट्रस्ट के सभी योजनाओं/प्लानों के अंतर्गत सभी वर्गों के निवेशकों को प्राप्त होने वाला आय वितरण आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10 (33) के अंतर्गत कर से पूरी तरह मुक्त होगा।

- प्रचलित कर कानूनों के अनुसार सभी निवेशकों के लिए यूटीआई द्वारा वितरित आय पर स्रोत पर कर की कटौती नहीं की जाएगी, भले ही निवेशक को योजना से प्राप्त होने वाली आय कितनी भी क्यों न हो। वित्त अधिनियम 2000 के अनुसार प्लान को 01.06.2000 के बाद वितरित आय, यदि कोई हो, पर आयकर अधिनियम 1961 की धारा 115 आर के अंतर्गत, 20% आय वितरण कर तथा उस पर 10% अधिभार अदा करना आवश्यक है।

- योजना के अंतर्गत निवेश का मूल्य धनकर की उगाही से पूर्णतया मुक्त है।

- उपहार कर अधिनियम, 1958 के अंतर्गत 01 अक्तूबर, 1998 को या उसके बाद दिए गए उपहारों के संबंध में उपहार कर की उगाही को समाप्त कर दिया गया है। अत: यूटीआई के यूनिटों के उपहार पर उपहार कर की उगाही नहीं होगी।

- पूंजी वृद्धि से होने वाला पूंजीगत अभिलाभ, यदि कोई हो, आयकर अधिनियम 1961 की धारा 48 एवं 112 के अंतर्गत कर लाभ के अधीन होगा।

- आयकर अधिनियम 1961 की धारा 54ईए के अंतर्गत 31/3/2000 तक बेची/अंतरित की गई दीर्घावधि पूंजीगत आस्तियों के अंतरण से होने वाली बिक्री प्राप्तियां निवेश के लिए पात्र होंगी बशर्ते

ऐसा निवेश ऐसी बिक्री/अंतरण के छ: महीने के भीतर किया जाए, ऐसे निवेश से प्राप्त होने वाली यूनिटों की पुनर्खरीद/ अंतरण/गिरवी योजना के प्रारंभ होने की तिथि से तीन वर्षों की अवरुद्ध अवधि समाप्त होने के बाद ही किया जा सकता है।

II. नियत तत्परता प्रमाणपत्र

एमआईपी 2000 (सेकंड) हेतु सेबी को प्रस्तुत किया गया नियत तत्परता प्रमाणपत्र

इस बात की पुष्टि की जाती है कि :

I. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड को भेजा गया पेशकश दस्तावेज का ड्राफ्ट सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1996 एवं समय-समय पर सेबी द्वारा जारी दिशानिर्देशों एवं निर्देशों के अनुसार है ;

II. इस योजना के प्रारंभ किए जाने से संबंधित सभी विधिक आवश्यकताएं एवं साथ ही इस संबंध में सरकार या अन्य किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देश, निर्देश आदि का विधिवत् अनुपालन किया गया है ;

III. पेशकश दस्तावेज में किए गए प्रकटीकरण सत्य, उचित एवं प्रस्तावित योजना में निवेश के लिए निवेशकों को सोच समझकर निर्णय लेने में सहायता देने के लिए पर्याप्त हैं ;

IV. पेशकश दस्तावेज में उल्लिखित सभी बिचौलिए सेबी के साथ पंजीकृत हैं और आज की तिथि के अनुसार ऐसा पंजीकरण वैध है।

दिनांक : 23.02.2000
स्थान : मुंबई

हस्ताक्षर

ह/-
अजीत प्रसाद
अनुपालन अधिकारी

मुहर के साथ

III. परिभाषाएं

इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान में जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो -

(क) "स्वीकृति तिथि" का अर्थ ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री या पुनर्खरीद के लिए किसी आवेदक द्वारा ट्रस्ट को प्रेषित आवेदन पत्र के संदर्भ में वह तिथि है जब ट्रस्ट संतुष्ट होकर समझता है कि आवेदन सही है और उसे स्वीकार करता है;

(ख) "अधिनियम" का तात्पर्य भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) से है;

(ग) "वैकल्पिक आवेदक" का अर्थ नाबालिग के मामले में माता-पिता के अलावा उस माता-पिता से है जिन्होंने नाबालिग की ओर से आवेदन किया हो।

(घ) "आवेदक" का अर्थ है वह व्यक्ति जो योजना और उसके अंतर्गत बनाए गए प्लान में शामिल होने के लिए पात्र होगा, जो अवयस्क नहीं होगा और आवेदन पत्र में उल्लिखित वैकल्पिक आवेदक सहित जब मानसिक विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए यूनिटों की बिक्री की गयी हो और प्लान के खण्ड V के अंतर्गत आवेदन करता हो।

(ङ) चार वर्ष नौ माह की अवधि वाली योजना/प्लान की "प्रारंभ होने की तिथि" 01 जुलाई, 2000 है।

(च) "पात्र संस्था" का अर्थ भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली, 1964 में यथापरिभाषित कोई पात्र ट्रस्ट है।

(छ) "फर्म", " भागीदार" और "भागीदारी" के अर्थ भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 (1932 का 9) में दिए गए अर्थ हैं, परंतु अभिव्यक्त भागीदार में कोई भी व्यक्ति सम्मिलित हो सकता है, जो नाबालिग हो और जिसे भागीदारी के लाभ प्राप्त करने के लिए शामिल किया गया हो।

(ज) "सूचीबद्धता" का अर्थ एनएसई के थोक ऋण खंड या अन्य किसी स्टॉक एक्सचेंज/खंड, जैसा कि सेबी के अनुमोदन से निश्चित किया जाए, पर व्यवसाय करने के प्रयोजन से यूनिटों का सूचीबद्ध किया जाना है।

(झ) योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान में "सदस्य" के रूप में प्रयुक्त अभिव्यक्ति का अर्थ और इसमें शामिल उस आवेदक से है, जिसे इस योजना में यूनिट आबंटित किए गए हों।

(ञ) "मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति" का अर्थ वह व्यक्ति है, जो ऐसी मानसिक अक्षमता से ग्रस्त हो, जो उसे जीवन के सामान्य कार्य करने से वंचित रखती हो।

(ट) "अनिवासी भारतीय (एनआरआई)" का तात्पर्य भारतीय राष्ट्रीयता/मूल के अनिवासियों से है। जैसा कि मूलत: अधिनियमित भारत सरकार अधिनियम, 1935 में परिभाषित है, किसी भी व्यक्ति

को "भारतीय मूल का व्यक्ति" माना जाएगा यदि वह या उसके माता-पिता या पितामह-पितामही में से कोई भी, श्रेणी अथवा पूर्वज के रूप में कितना ही बड़ा क्यों न हो, चाहे पितृपक्ष या मातृपक्ष से हो, भारत में जन्मा हो/जन्मी हो।

(ठ) "जारी समझे जानेवाले यूनिटों की संख्या" का अर्थ बेचे गए और बकाया यूनिटों की कुल संख्या है।

(ड) "विदेशी निगमित निकाय" (ओसीबी) के अंतर्गत विदेशी कंपनियां, भागीदारी फर्म, समितियां और अन्य निगमित निकाय जिनका कम से कम 60% तक की सीमा का स्वामित्व प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भारत के बाहर रहने वाले भारतीय राष्ट्रीयता अथवा मूल के व्यक्तियों का हो तथा विदेशी ट्रस्ट जिनमें कम से कम 60% लाभप्रद हित अप्रतिसंहरणीय रूप से ऐसे व्यक्तियों द्वारा धारित हो, शामिल हैं।

(ढ) "व्यक्ति" में ऊपर यथापरिभाषित कोई संस्था शामिल है।

(ण) "रजिस्ट्रार" का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जिसकी सेवाएं ट्रस्ट द्वारा योजना के अंतर्गत समय-समय पर रजिस्ट्रार एवं अंतरण एजेंट के रूप में कार्य करने के लिए ली जा सकें।

(त) "विनियमावली" का अर्थ अधिनियम की धारा 43 (1) के अन्तर्गत बनी भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली, 1964 है।

(थ) "सेबी" का अर्थ है भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड अधिनियम, 1992 (1992 का 15) के अंतर्गत बनाया गया भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड।

(द) "समिति" का अर्थ समिति पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत स्थापित समिति या फिलहाल प्रवृत्त राज्य या केन्द्रीय विधि के अन्तर्गत स्थापित अन्य कोई समिति है।

(ध) "ट्रेडिंग" का तात्पर्य यूनिटों के पहले आबंटन के बाद शेयर बाजार के जरिए यूनिटों की खरीद अथवा बिक्री में व्यवहार से है।

(न) "यूनिट" का अर्थ यूनिट पूंजी में दस रुपये के अंकित मूल्य का एक अविभक्त शेयर है।

(प) "यूनिट पूंजी" का तात्पर्य फिलहाल यूनिट योजना के अंतर्गत निर्गत और शेष यूनिटों के अंकित मूल्य के योग से है।

(फ) "यूनिट ट्रस्ट" या "ट्रस्ट" का तात्पर्य अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत स्थापित भारतीय यूनिट ट्रस्ट से है।

(ब) इसमें अपरिभाषित लेकिन अधिनियम/विनियमावली में परिभाषित अन्य सभी अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम/विनियमावली में दिये गये हैं।

(भ) एक वचन वाले शब्दों में बहुवचन शामिल हैं और सभी पुल्लिग संदर्भों में स्त्रीलिंग तथा एक में दूसरे के विपर्यय शामिल हैं।

IV. जोखिम के तत्व

- म्यूचुअल फंड एवं प्रतिभूतियों में निवेश पर बाजार का जोखिम होता है। 01 जुलाई, 2003 से 31मार्च, 2005 के बीच किए गए पुनर्खरीद हेतु पूंजी की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है क्योंकि ऐसे मामलों में पुनर्खरीद मूल्य प्रचलित शुद्ध आस्ति मूल्य पर निर्भर होगा ।

- जैसे प्रतिभूतियों में किए जाने वाले किसी भी निवेश में होता है, योजना के अंतर्गत जारी यूनिटों का एनएवी पूंजी बाजार को प्रभावित करनेवाली शक्तियों एवं कारकों पर निर्भर करते हुए ऊपर या नीचे जा सकता है।

- पूर्व योजनाओं/प्लानों का कार्यनिष्पादन आवश्यक रूप से भावी परिणामों का द्योतक नहीं है।

- मासिक आय प्लान 2000 (सेकंड)[एमआईपी 2000 (सेकंड)] केवल प्लान का नाम है और यह किसी भी प्रकार से प्लान की गुणवत्ता का संकेत नहीं देता है।

- सभी नियतकालिक योजनाओं के समान इसमें अनियमित सौदों का जोखिम एवं यूनिटों के बाजार मूल्य के एनएवी पर बट्टा काटे जाने की संभावना होती है।

- **डेरीवेटीव्ज़ :** ऑप्शन्स एवं फ्यूचर्स जैसे डेरीवेटीव्ज़ प्रतिभूतियों में लेन-देन करना एक अत्यंत विशेषीकृत कार्य है एवं इसमें सामान्य निवेश के जोखिमों से कहीं अधिक जोखिम होता है। हालांकि प्लान का अभिप्राय केवल पोर्टफोलियो के बचाव के उद्देश्य के लिए ही डेरीवेटीव्ज़ में लेन-देन करना है,इस खंड में समग्र बाजार बहुत ही अनिश्चित हो सकता है जो इस बाजार में अन्य प्रतिभागियों के कार्य के कारण है। डेरीवेटीव्ज़ में लेन-देन की सफलता निधि प्रबंधक के बाजार की भावी प्रवृत्ति का पूर्वानुमान लगाने की क्षमता पर निर्भर करती है और यदि निधि प्रबंधक अपने पूर्वानुमान में गलत होता है तो निधि का कार्यनिष्पादन, यदि यह निवेश योजना प्रयोग में न लाई गई होती तो जो रहा होता, उसकी तुलना में घट गया होता।

- **विदेशी बाजारों में निवेश :** विदेशी बाजारों में निवेश की सफलता निधि प्रबंधक की बाजार की उन परिस्थितियों एवं जानकारियों का विश्लेषण करने की योग्यता पर निर्भर करता है जो भारतीय बाजारों से भिन्न हो सकती हैं । जैसा कि इसमें विदेशी बाजारों में परिचालन शामिल है, बाजार के जोखिमों के अलावा विनिमय दर के उतार-चढ़ाव के जोखिम भी हो सकते हैं।

- **स्टॉक उधार देना :** यह न्यून जोखिम के साथ प्लान के लिए अतिरिक्त आय जुटाने का साधन है । स्क्रिप उधार दिए जाने की अवधि के दौरान बिक्री हेतु सुलभ स्टॉक की अनुपलब्धता के रूप में जोखिम हो सकता है। प्लान की प्रतिभूतियों के पुनर्भुगतान में उधारकर्ता/मध्यस्थ द्वारा चूक किए जाने की

संभावना के रूप में भी जोखिम हो सकता है। तथापि, जोखिम को इस प्रक्रिया में शामिल हुए मध्यस्थ द्वारा उधारकर्ता से उचित ऋणाधार लेकर पर्याप्त रूप से वसूल किया जाएगा।ऐसे ऋणाधार पर यूटीआई का ग्रहणाधिकार रहेगा। प्रतिभूतियों के उधार देने की प्रक्रिया में शामिल किसी भी जोखिम को न्यूनतम करने हेतु हमारी उचित जांच एवं नियंत्रण भी होंगे

- ट्रस्ट मासिक आय प्लान के अंतर्गत यूनिट पूंजी में से आय अदा करने की प्रक्रिया अपनाता रहा है और जो सदस्य परिपक्वता अवधि से पहले ही यूनिटों की पुनर्खरीद करते हैं, उनको इस प्रक्रिया के कारण कम एनएवी मिल सकती है । इसलिए, योजना की अवधि के दौरान, प्रतिफल यूनिट पूंजी में से अदा किया जा सकता है और उस हद तक एनएवी कम हो जाएगी।

- ट्रस्ट की विकास प्रारक्षित निधि (डीआरएफ) द्वारा गारंटी प्रदान करने के आधार पर इस योजना के अंतर्गत आय का आश्वासन दिया गया है। डीआरएफ की गारंटी के साथ आश्वासित आय वाली 22 योजनाओं के अंतर्गत दिनांक 31.03.2000 को 22224.02 करोड़ रुपए की निवेश योग्य निधियों के प्रति 31.03.2000 को डीआरएफ की मात्रा 941.85 करोड़ रुपए थी। डीआरएफ की आस्तियों का करीब 54.05% इक्विटियों में , 2.07% ऋणों में और 43.88% आस्तियां मुद्रा बाजार लिखतों में हैं।

V. यूनिटें एवं पेशकश

1. यह योजना मासिक आय योजना 2000 (सेकंड)[एमआईएस '2000 (सेकंड)] कही जाएगी और इस योजना के अंतर्गत बनाया गया प्लान मासिक आय प्लान 2000 (सेकंड) कहा जाएगा।

2. यह योजना चार वर्ष और नौ महीने की अवधि के लिए अर्थात् 1 जुलाई 2000 से 31 मार्च, 2005 तक के लिए होगी।

3. यूनिटों की बिक्री 19 मई, 2000 से 24 जून,2000 तक 37 दिनों के लिए या ऐसी विस्तारित अवधि जो 30 जून,2000 से अधिक न हो,होगी। बशर्ते, यूनिट ट्रस्ट के न्यासी मंडल की कार्यकारिणी समिति/अध्यक्ष किसी भी समय युद्ध या युद्ध जैसी परिस्थितियां उत्पन्न होने पर, स्टॉक एक्सचेंजों में व्यवसाय न होने पर या अन्य सामाजिक-आर्थिक कारणों से अखबारों में 7 दिन का नोटिस देने के बाद या ऐसी पद्धति से जैसा ट्रस्ट द्वारा निर्णय किया जाए, योजना के अंतर्गत यूनिटों की बिक्री स्थगित कर सकता है।

4. इस योजना के अंतर्गत जारी किए गए प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य दस रुपए होगा।

5. **यूनिटों के लिए आवेदन**

यूनिटों के लिए आवेदन निवासियों और अनिवासियों द्वारा भी निमनलिखित रूप से किये जा सकते हैं:

(i) निवासी व्यक्ति या अनिवासी एकल या अन्य व्यक्ति के साथ या दो व्यक्तियों तक संयुक्त/ एकल या उत्तरजीवी आधार पर।

(ii) निवासी या अनिवासी नाबालिग की ओर से माता-पिता, सौतेले माता-पिता या अन्य विधिक अभिभावक। बालिग और नाबालिग संयुक्त रूप से आवेदन नहीं कर सकते हैं।

(iii) योजना में यथापरिभाषित पात्र संस्था, जिसमे अप्रतिसंहरणीय और लिखत द्वारा निर्मित निजी न्यास शामिल है।

(iv) मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए कोई व्यक्ति।

(v) योजना में यथापरिभाषित कोई समिति।

(vi) पंजीकृत सहकारी समिति।

(vii) कंपनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत निर्मित कंपनी सहित निगमित निकाय एवं बैंक।

(viii) निवासी या अनिवासी हिन्दू अविभक्त परिवार।

(ix) सेना/नौसेना/वायु सेना/पैरामिलिट्री निधियां।

(x) भागीदारी फर्म।

(भागीदारी फर्म द्वारा आवेदन, फर्म के अधिकतम तीन सदस्यों द्वारा किया जाना चाहिए तथा ट्रस्ट सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए प्रथम नामित सदस्य को ही सदस्य के रूप में मान्यता देगा।) और

(Xi) विदेशी निगमित निकाय जिनमें अनिवासी भारतीयों का स्वत्वाधिकार कम से कम 60% तक हो।

6. न्यूनतम निवेश राशि

सभी विकल्पों के अंतर्गत आवेदन न्यूनतम रु. 10,000/- के लिए किया जाना चाहिए। कोई अधिकतम सीमा नहीं होगी। यदि आवेदन रु. 10/- के गुणकों में न हो, तो यूनिटों का आबंटन भिन्नांक में दशमलव के बाद तीन अंकों तक किया जाएगा। रु. 50,000/- और उससे अधिक के निवेश के मामले में, अनिवासी सामान्य खाते के जरिए निवेश करने वाले निवासी या अनिवासी भारतीय को सलाह दी जाती है कि यदि उसका आयकर पीएएन/जीआईआर संख्या तथा आय कर सर्किल का पता है, तो वह उसे प्रस्तुत करे।

7. निर्गम की लक्ष्य राशि

योजना के अंतर्गत 50 करोड़ रुपए की राशि की उगाही का लक्ष्य रखा गया है।

यदि लक्ष्य राशि का अभिदान न हो, तो योजना के अंतर्गत एकत्र की गई सम्पूर्ण राशि को यूनिटों की बिक्री बंद होने की तिथि से छः सप्ताह के भीतर ट्रस्ट द्वारा आदाता के खाते में चेक/धन-वापसी आदेश द्वारा धन वापस किया जाएगा। ऐसी परिस्थितियों में निवेशक स्वीकृति तिथि से योजना की समाप्ति की तिथि तक 9.25% प्र.व. की दर से आय वितरण प्राप्त करने का पात्र नहीं होगा। उक्त अवधि के भीतर राशि वापस न करने की स्थिति में यूनिटों की बिक्री बंद होने की तिथि के 43वें दिन से धन-वापसी की तिथि तक ट्रस्ट आवेदक को 15% प्रति वर्ष की दर से ब्याज का भुगतान करने का जिम्मेदार होगा।

8. सूचीबद्धता

योजना के अंतर्गत जारी यूनिट को एनएसई के थोक ऋण खंड या अन्य किसी स्टॉक एक्सचेंज/खंड, जैसा सेबी की अनुमति से निश्चित किया जाए, पर अभिदान बंद होने की तिथि से छः माह के भीतर सूचीबद्ध किया जाएगा। सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियमावली, 1996 के विनियम 32 के अनुसार सेबी से योजना का अनुमोदन प्राप्त होने के तुरंत बाद शेयर बाजार को सूचीबद्धता के लिए आवेदन किया जाएगा। बिक्री योग्य 100 यूनिटों का लॉट रु.10/- प्रति यूनिट के अंकित मूल्य का है।

9. सदस्यता सूचना

प्लान के अंतर्गत बिक्री बंद होने की तिथि से छः सप्ताह के भीतर ट्रस्ट सदस्यता सूचना भेजेगा। जो सदस्य यूनिट के अंतरण या स्टॉक एक्सचेंज के जरिए यूनिट बेचने के इच्छुक हैं और यदि वे सदस्यता सूचना के बदले में यूनिट प्रमाण-पत्र बिक्री योग्य लॉट या एकल प्रमाण-पत्र में चाहते हैं, तो वे इस बात का उल्लेख करते हुए रजिस्ट्रार को लिख सकते हैं। ऐसे अनुरोध प्राप्त होने की तिथि से 7 दिन के अंदर रजिस्ट्रार द्वारा यूनिट प्रमाणपत्र/प्रमाणपत्रों को जारी किया जाएगा।

अनिवासी भारतीय सदस्यता सूचना के स्थान पर सदस्यता सूचना या यूनिट प्रमाणपत्र/यूनिट प्रमाणपत्रों के प्रेषण के लिए निम्नलिखित में से किसी एक तरीके का चयन कर सकते हैं :

(i) आवेदक के भारतीय/विदेशी पते पर या
(ii) आवेदक के भारत स्थित रिश्तेदार के पते पर या
(iii) सुरक्षित अभिरक्षा हेतु उसके भारत स्थित बैंक को।

10. यूनिटों का अंतरण/गिरवी रखा जाना/समनुदेशन :

सदस्यता सूचना अंतरणीय/गिरवी रखे जाने योग्य/समनुदेशनीय नहीं है। जो सदस्य स्टॉक एक्सचेंज के जरिए यूनिट बेचने के इच्छुक हैं या यूनिट का अंतरण करना चाहते हैं, वे उपरोक्त अनुच्छेद 9 में बताए गए अनुसार सदस्यता सूचना के स्थान पर यूनिट प्रमाणपत्र/प्रमाणपत्रों के लिए रजिस्ट्रार को लिख सकते हैं। इस तरह जारी किया गया यूनिट प्रमाणपत्र निम्नलिखित शर्तों के अधीन अंतरण/गिरवी रखे जाने/समनुदेशन के योग्य होगा :

(i) अंतरण उपरोक्त अनुच्छेद V(5) के अंतर्गत दर्शाए अनुसार निवेशकों की श्रेणियों के पक्ष में होगा।

(ii) अंतरण यूनिटधारण करने की क्षमता रखनेवाले अंतरणकर्ता और अंतरिती के द्वारा और उनके मध्य प्रभावकारी होगा। किसी अन्य अंतरण को मान्यता देने के लिए ट्रस्ट बाध्य नहीं होगा।

(iii) विधिवत् मुहर लगा हुआ निर्दिष्ट अंतरण विलेख संबंधित यूनिट प्रमाणपत्र के साथ और अंतरण माह (मासिक आय विकल्प के मामले में) और उसके बाद के अनभुनाये गए आय वितरण वारंट। ट्रस्ट के किसी भी कार्यालय को प्रस्तुत किए गए अथवा उसके द्वारा स्वीकृत कोई भी अंतरण विलेख रजिस्ट्रार के निकटतम कार्यालय को भेज दिया जाएगा।

(iv) प्रत्येक अंतरण लिखत पर अंतरणकर्ता (संयुक्त धारिता के मामले में सभी अंतरणकर्ता) तथा अंतरिती (संयुक्त खरीद के मामले में सभी अंतरिती)के हस्ताक्षर होंगे और रजिस्ट्रार द्वारा अंतरिती का नाम धारकों के रजिस्टर में दाखिल करने तक अंतरणकर्ता को ही यूनिट का धारक समझा जाएगा।

(v) अंतरणकर्ता के स्वत्वाधिकार या यूनिटों का अंतरण करने के उसके अधिकार के समर्थन में रजिस्ट्रार ऐसा कोई भी सबूत मांग सकते हैं, जो उन्हें आवश्यक लगे।

(vi) यदि यूनिट प्रमाणपत्र खो गया हो, चुरा लिया गया हो, नष्ट हो गया हो तो कुछ अपेक्षाओं, जिन्हें रजिस्ट्रार जरुरी समझे, को पूरा करने के बाद मूल यूनिट प्रमाणपत्र की प्रस्तुति के संबंध में रजिस्ट्रार छूट दे सकते हैं।

(vii) अंतरण के सभी लिखत और यूनिट प्रमाणपत्र, यूनिटों के अंतरण का पंजीकरण होने तक रजिस्ट्रार के पास रखे जा सकते हैं।

(viii) अंतरण को मान्यता देने वाले तथा पंजीकरण करनेवाले रजिस्ट्रार, अंतरण तथा सदस्यता सूचना अथवा यूनिट प्रमाणपत्रों तथा वारंटों को जारी करने के संबंध में देय प्रभारों की अदायगी तथा वसूली के बाद, मूल या नया यूनिट प्रमाणपत्र अथवा सदस्यता सूचना और आय वितरण वारंट (मासिक आय विकल्प के मामले में), यदि कोई हों, अंतरिती को जारी कर सकते हैं।

(ix) यदि कोई अंतरिती आधिकारिक क्षमता के कारण, विधि के परिचालन से अथवा गिरवी लागू होने पर अनुसूचित बैंक यूनिटों का धारक बन जाता है, तो रजिस्ट्रार ऐसे साक्ष्य जिसे पर्याप्त समझें, के प्रस्तुतीकरण के अधीन, अंतरिती के यूनिटों के धारण के लिए अन्यथा पात्र होने पर, अंतरण प्रभावी करेंगे।

(x) विशिष्ट परिस्थितियों में, कंपनी अथवा अन्य निगमित निकाय द्वारा दूसरी कंपनी अथवा निगमित निकाय अथवा किसी व्यक्ति /व्यक्तियों के साथ, जिनमें से कोई भी नाबालिग न हो, यूनिटों के धारण करने हेतु ट्रस्ट द्वारा ध्यान में लिया जाएगा।

(xi) इसमें ऊपर उल्लिखित प्रावधानों के अधीन ट्रस्ट अंतरण को पंजीकृत करेगा और आय वितरण वारंट, यदि कोई हो, के साथ यूनिट प्रमाणपत्र संबंधित अंतरण लिखत के साथ यूनिट प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने की तिथि से 30 दिनों के भीतर अंतरिती को वापस करेगा।

संयुक्त अंतरितियों के मामले में यूनिट प्रमाणंपत्र का प्रेषण और यूनिट प्रमाणपत्र के संबंध में सभी भुगतान केवल पहले सदस्य के नाम से किया जाएगा।

11. योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति/रोल ओवर/परिसमापन

(i) योजना 31/03/2005 को समाप्त हो जाएगी, सदस्यों के बकाया यूनिटों का प्रतिदान किया जाएगा और सदस्यों को उनके यूनिटों के मूल्य की अदायगी ट्रस्ट द्वारा निर्धारित प्रतिदान मूल्य पर की जाएगी। प्रतिदान एनएवी या रु. 10/-, जो भी अधिक हो, पर होगा। विकास प्रारक्षित निधि (डीआरएफ) इस पूंजी की सुरक्षा की गारंटी देगा। 01 जुलाई, 2003 से 31 मार्च, 2005 के बीच किए गए पुनर्खरीद हेतु ऐसी कोई गारंटी नहीं है और ऐसे मामलों में पुनर्खरीद मूल्य प्रचलित एनएवी पर आधारित होगा। उपरोक्तानुसार निर्धारित पुनर्खरीद/प्रतिदान मूल्य प्राप्त करने के अलावा पुनर्खरीद/प्रतिदान मूल्य में वृद्धि के रूप में या पुनर्खरीद/प्रतिदान की तिथि के पश्चात्वर्ती अवधि हेतु आय के रूप में किसी भी प्रकार का कोई लाभ सदस्यों को उपार्जित नहीं होगा।

(ii) फिर भी, ट्रस्ट, सेबी की पूर्व अनुमति से इस योजना को 4 वर्ष एवं 9 माह से आगे बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ऐसी स्थिति में सदस्यों को विकल्प दिया जाएगा कि या तो वे यूनिटों को वापस ट्रस्ट को बेच दें अथवा इस योजना में बने रहें। ट्रस्ट द्वारा निवेशक को यह विकल्प भी दिया जा सकता है कि वह पुनर्खरीद की राशि को आरंभ की गई अथवा उस समय परिचालन में रहने वाली किसी भी योजना में परिवर्तित कर सके।

4 वर्ष और 9 महीने से अधिक योजना की अवधि में विस्तार सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियमावली, 1996 के विनियम 33 के उप-विनियम 4 के अनुसार होगा। उप विनियम के प्रावधान हैं :

"एक नियतकालिक योजना परिपक्वता अवधि के उपरांत पूरी तरह उन्मोचित होगी।

बशर्ते, नियतकालिक योजना को रोल-ओवर की अनुमति दी जाएगी यदि रोल-ओवर के उद्देश्य, अवधि एवं अन्य शर्तें एवं रोल-ओवर के तुरंत पहले आस्तियों के संभावित निपटान सहित योजना की महत्वपूर्ण जानकारियां, शुद्ध आस्तियां एवं योजना के शुद्ध आस्ति मूल्य का प्रकटीकरण यूनिटधारकों को किया गया हो और इसकी एक प्रति सेबी को भेजी गई हो।

परंतु यह भी कि केवल उन्हीं यूनिटधारकों के मामले में रोल-ओवर की अनुमति दी जाएगी जिन्होंने लिखित में अपनी सहमति दी हो एवं जो यूनिटधारक रोल-ओवर का विकल्प नहीं चुनते हैं या लिखित सहमति नहीं देते हैं उन्हें शुद्ध आस्ति मूल्य पर अपनी धारिताओं का मोचन करने की अनुमति दी जाएगी।"

(iii) ट्रस्ट योजना और उसके अंतर्गत बनाए गए प्लान को निम्नलिखित परिस्थितियों में समाप्त कर सकता है :

(क) योजना के चार वर्ष और नौ महीने पूरे होने पर अर्थात् 31 मार्च, 2005 को अथवा चार वर्ष और नौ महीन के आगे ऐसी तारीख की समाप्ति पर जो ट्रस्ट द्वारा यथा निर्धारित हो।

(ख) कोई ऐसी घटना घटित होने पर जिससे ट्रस्ट की राय में योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति आवश्यक हो, या

(ग) प्लान के 75% सदस्यों द्वारा योजना को समाप्त करने का संकल्प पारित करने पर ; या

(घ) प्लान के सदस्यों के हित में सेबी ऐसा करने के लिए निर्देश दे।

(iv) जहां उपर्युक्त उप खण्ड (iii) के मद (ख), (ग) व (घ) के अनुसरण में योजना परिसमाप्त की जाती है, तो ट्रस्ट योजना को समाप्त करने वाले कारणों की सूचना, समापन के कम से कम एक सप्ताह पहले सेबी को और अखिल भारतीय स्तर पर परिचालित होने वाले दो दैनिक समाचार पत्रों में और मुंबई में एक स्थानीय भाषा के समाचार पत्र में देगा।

(v) समाप्ति संबंधी विज्ञापन की तिथि को और उस तिथि से ट्रस्ट -

(क) इस योजना से संबंधित कोई भी व्यावसायिक क्रियाकलाप नहीं करेगा।

(ख) इस योजना के अंतर्गत यूनिटों को उत्पन्न और रद्द करना बंद करेगा।

(ग) इस योजना में यूनिटों को जारी करना और यूनिटों का प्रतिदान भी बंद करेगा।

(vi) न्यासी मंडल सदस्यों की एक बैठक बुलाएगा जिसमें उपस्थित [illegible] विचार किया जाएगा तथा साधारण बहुमत से आवश्यक संकल्प पारित किया जाएगा और बैठक में मतदान द्वारा न्यासियों अथवा किसी अन्य व्यक्ति को योजना की समाप्ति हेतु कदम उठाने के लिए प्राधिकृत किया जाएगा।

परन्तु यदि योजना परिपक्वता अवधि के पूरा होने पर समाप्त की जाती है तो बैठक की आवश्यकता नहीं होगी।

(vii) (क) न्यासी मंडल या योजना के उप खंड (vi) के अन्तर्गत प्राधिकृत व्यक्ति योजना से संबंधित आस्तियों को योजना के सदस्यों के सर्वोत्तम हित में निपटाएगा।

(ख) ऊपर दिए गए उप खण्ड (vii)(क) के अनुसार की गई बिक्री की राशि को पहले दृष्टान्त में, योजना के अंतर्गत ऐसी देयताओं के उन्मोचन के लिए उपयोग किया जाएगा जो उचित रूप से देय हों और ऐसी समाप्ति से संबंधित व्ययों को चुकाने के लिए उचित प्रावधान करने के बाद समाप्ति का निर्णय लेने वाली तिथि को योजना की आस्तियों में यूनिट धारकों के हित के समानुपात में उन्हें शेष राशि का भुगतान किया जाएगा।

(viii) परिसमापन पूरा होने पर, ट्रस्ट सेबी और सदस्यों को समाप्ति के बारे में एक रिपोर्ट प्रेषित करेगा ।

जिसमें ऐसी परिस्थितियां, जिनके कारण योजना समाप्त हुई, परिसमापन से पूर्व योजना की आस्तियों के निपटान के लिए उठाए गए कदम, परिसमापन के लिए किया गया योजना का व्यय, सदस्यों को वितरण के लिए उपलब्ध शुद्ध आस्तियां और योजना के लेखा परीक्षकों से प्राप्त एक प्रमाणपत्र भेजेगा।

(ix) इसमें ऊपर दी गई किसी भी बात के बावजूद, जब तक योजना समाप्त न हो जाए या समापन की कार्यवाही पूरी न हो जाए, सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियमावली, 1996 के प्रावधान, अर्धवार्षिक रिपोर्ट और वार्षिक रिपोर्ट के प्रकटीकरण के लिए लागू रहेंगे।

(x) उपरोक्त खण्ड (viii) में संदर्भित रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद यदि सेबी संतुष्ट हो जाता है कि योजना समाप्त करने की सारी कार्यवाही पूरी हो गयी है, तो योजना समाप्त हो जाएगी।

(xi) ट्रस्ट, रजिस्ट्रार के कार्यालय में सदस्य/सदस्यों द्वारा विधिवत् उन्मोचित पुनर्खरीद अनुरोध (सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र के पिछले पृष्ठ पर मुद्रित) प्राप्त होने पर और अन्य प्रक्रिया और परिचालन संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने पर यथाशीघ्र पुनर्खरीद मूल्य का भुगतान करेगा। सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र पुनर्खरीद के लिए प्राप्त अनुरोध पत्र और अन्य फार्म, यदि कोई हों, ट्रस्ट द्वारा रद्दकरण के लिए रख लिए जाएंगे।

(xii) **अनिवासी निवेशकों के मामले में, पुनर्खरीद/प्रतिदान राशियां निवेश के स्रोत पर निर्भर करते हुए निम्नानुसार विप्रेषित की जाएंगी :**

(क) जब यूनिटों की खरीद विदेश से विप्रेषित विदेशी मुद्रा से की गई हो अथवा सदस्य की एफसीएनआर जमाओं की राशि से की गई हो अथवा सदस्य के भारत स्थित बैंक में सदस्य के अनिवासी बाह्य खाते (एनआरई) में धारित निधियों से की गई हो, तो प्राप्तियां सदस्य को विदेशी मुद्रा में विप्रेषित की जा सकती हैं या एनआरई खाते या अनिवासी सामान्य (एनआरओ) खाते में जमा की जा सकती हैं अथवा भारत स्थित उसके रिश्तेदार को अदा की जा सकती हैं।

(ख) जब यूनिटों की खरीद तब की गई हो जब आवेदक भारत का निवासी था या सदस्य के एनआरओ खाते में धारित निधियों से की गई हो तो परिपक्वता प्राप्तियां या तो निवेशक के भारत स्थित बैंक को उसके एनआरओ खाते में जमा कराने या भारत में निवेशक के रिश्तेदार को प्रेषित की जाएंगी।

VI. व्यय

1) **प्रारंभिक निर्गम व्यय**

(i) योजना के प्रारंभिक निर्गम व्यय का अनुमान निम्नानुसार है :

मद	**योजना के अंतर्गत उगाही गई निधियों का %**
मुद्रण और डाक	1.75
प्रचार, विपणन और विक्रय संवर्धन	3.50
रजिस्ट्रारों का प्रभार	0.50
बैंक प्रभार	0.25
योग	**6.00**

सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियमावली, 1996 के अनुसार कुल आरंभिक निर्गम व्यय एकत्रित निधि के 6% की सीमा के भीतर होंगे। इस प्रकार किसी निवेशक द्वारा निवेश किए गए प्रत्येक रुपये में से कम से कम 94 पैसे का इस योजना में निवेश किया जाएगा।

(ii) पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान प्रारंभ की गई योजनाओं का प्रारंभिक निर्गम व्यय इस प्रकार है :

योजना	**व्यय (एकत्रित निधि का %)**
एमआईपी-98(III)	2.81
एमआईपी-98(IV)	2.95
आईआईएसएफयूएस 98(II)	0.14
एमआईपी-98(V)	3.06
एमईपी-99	34.08
सीजीजीएफ (पुन:आरंभ) *	7.82
आरयूपी (पुन:आरंभ) *	9.40
एमआईपी-99	2.38
जीएसएफ ब्रांड वैल्यू	5.55
जीएसएफ फार्मा	4.84
जीएसएफ सॉफ्टवेयर	4.83
जीएसएफ पेट्रो	4.85
जीएसएफ सर्विसेज	4.89

*** ये आश्वासित आय वाली सेबी-पूर्व योजनाएं हैं जिन्हें गिरते हुए ब्याज दर को ध्यान में** रखते हुए काफी अंतराल के बाद स्थगित एवं प्रारंभ किया गया था।

(iii) पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान प्रारंभ की गई योजनाओं के संबंध में ट्रस्ट द्वारा वहन किए गए व्यय (डीआरएफ द्वारा प्रभारित) इस प्रकार हैं :

योजना	**व्यय (एकत्रित निधि का %)**
एमईपी 99	28.08

(2) **आवर्ती व्यय**

(i) आवर्ती आधार पर योजना में निम्नलिखित व्यय प्रभारित किए जाएंगे। अनुमानित वार्षिक आवर्ती व्यय निम्नानुसार हैं :

मद	औसत साप्ताहिक एनएवी का %
प्रशासनिक व्यय	0.90
अभिरक्षण शुल्क	0.15
डीआरएफ में अंशदान	0.25
कर्मचारी कल्याण निधि	0.10
रजिस्ट्रारों के लिए शुल्क	0.85
योग	**2.25**

(ii) उपरोक्त व्यय अनुमानित हैं और वास्तविक रूप से किए गए व्ययों के साथ परिवर्तित किए जाने के अधीन हैं।

(iii) योजना का कुल वार्षिक आवर्ती व्यय, आरंभिक निर्गम व्ययों एवं प्रतिदान व्ययों के परिशोधन को छोड़कर परंतु प्रशासनिक व्ययों, विकास प्रारक्षित निधि और कर्मचारी कल्याण न्यास में अंशदान को सम्मिलित करते हुए निम्नलिखित सीमा के अधीन होंगे :

(क) योजना की औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्तियों के प्रथम 100 करोड़ रुपए पर - 2.25%
(ख) योजना की औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्तियों के अगले 300 करोड़ रुपए पर - 2.00%
(ग) योजना की औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्तियों के अगले 300 करोड़ रुपए पर - 1.75%
(घ) योजना की शेष आस्तियों पर - 1.50%

(iv) प्रशासनिक व्यय, विकास प्रारक्षित निधि में अंशदान एवं कर्मचारी कल्याण निधि में अंशदान, सेबी (एमएफ) विनियम, 1996 के विनियम 52 के खण्ड 2 के अंतर्गत उल्लिखित सीमा से अधिक नहीं होंगे, नामत:

(क) योजना के लिए प्रत्येक लेखा वर्ष में बकाया साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्तियों का सवा प्रतिशत जब तक कि शुद्ध आस्तियां 100 करोड़ रुपए से अधिक नहीं हो जातीं, और

(ख) 100 करोड़ से अधिक की अतिरिक्त राशि का एक प्रतिशत, जहां इस प्रकार परिगणित शुद्ध आस्तियाँ 100 करोड़ से अधिक हों।

(3) सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियमावली अधिनियम, 1996 के अनुसार, यूटीआई निवेश प्रबंधन शुल्क एवं परामर्श शुल्क नहीं लेता है। तथापि, यूटीआई द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि

निर्गम पूर्व व्यय एवं वार्षिक आवर्ती व्यय, सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियमावली, 1996 के विनियम 52 के अंतर्गत दर्शाई गई सीमा के भीतर ही हों।

(4) विकास प्रारक्षित निधि (डीआरएफ) में अंशदान

(i) साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.25% प्र.व. ट्रस्ट के डीआरएफ में अंशदान के रूप में रखा जाएगा। डीआरएफ अंशदान आवर्ती व्यय का अंश होगा।

(ii) ट्रस्ट ने इस निधि की स्थापना एक सामान्य निधि के रूप में 1983-84 में की थी ताकि ट्रस्ट नई योजनाओं को लागू करने के संबंध में अनुसंधान एवं विकास कार्यों को करने, नई पद्धतियों और प्रक्रियाओं का अवधारणा के स्तर पर प्रवर्तन करने तथा उत्पादन एवं विकास से संबंधित ऐसे बहुत से अन्य कार्यों जो किसी विशेष योजना से जुड़े अथवा संबंधित न हों, पर होने वाले व्ययों को पूरा कर सके। इस निधि का उपयोग आर्थिक और पूंजी बाजार अनुसंधान, प्रबंधन और व्यावसायिक प्रशिक्षण, ट्रस्ट के लिए सर्वेक्षण एवं बाजार अनुसंधान, मार्केटिंग और कार्पोरेट के छवि निर्माण संबंधी ऐसे प्रयासों, जो किसी विशेष योजना से जुड़े हुए न हों तथा मानव संसाधन विकास संबंधी प्रयासों, जिनका दीर्घकालिक प्रभाव हो और जो ट्रस्ट के भविष्य के कार्यकलापों से संबंधित हों, तथा ट्रस्ट की किन्हीं भी योजनाओं में दिए गए आश्वासित प्रतिफल की दर में कमी के साथ ही भारहीन योजनाओं हेतु निर्गम व्ययों की पूर्ति करने के लिए भी किया जा सकता है।

(5) कर्मचारी कल्याण निधि (एसडब्ल्यूएफ) में अंशदान

औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.10% प्र.व. कर्मचारी कल्याण निधि में अंशदान के रूप में रखा जाएगा। ट्रस्ट ने कर्मचारी कल्याण निधि की स्थापना अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए की है जिसमें विपत्ति में सहायता, चिकित्सा सहायता, स्वास्थ्य सहायता अथवा इसी प्रकार के अन्य प्रयोजन शामिल हैं।

VII. यूनिटों की बिक्री

1. बिक्री संविदा/सदस्यता सूचना जारी करना

(क) पेशकश की अवधि के दौरान यूनिटों की बिक्री सममूल्य पर होगी। ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री-संविदा, स्वीकृति तिथि को पूरी हुई समझी जाएगी। बिक्री-संविदा पूर्ण होने पर ट्रस्ट यथाशीघ्र आवेदक को सदस्यता सूचना जारी करेगा। ट्रस्ट द्वारा पात्र संस्था, फर्म या निगमित निकाय को जारी सदस्यता सूचना पात्र संस्था/फर्म/निगमित निकाय के नाम से जारी की जाएगी। इस प्रकार प्रेषित सदस्यता सूचना के खो जाने, क्षतिग्रस्त हो जाने, गलत डिलिवरी या डिलिवरी नहीं होने का कोई दायित्व ट्रस्ट पर नहीं होगा।

(ख) संस्थाओं से प्राप्त आवेदन पत्र दस्तावेजों के साथ केवल यूटीआई कार्यालयों में स्वीकार किए जाएंगे

(ग) ट्रस्ट, प्लान के अंतर्गत बिक्री बंद होने की तिथि से 6 हफ्तों के भीतर सदस्यता सूचना भेजेगा।

2. भुगतान विधि

(क) किसी आवेदक द्वारा आवेदित यूनिटों के लिए भुगतान आवेदन पत्र के साथ नकद, चेक या ड्राफ्ट द्वारा किया जाएगा। यदि आवेदन यूटीआई के शाखा कार्यालयों में जमा किए जाएं, तो चेक या ड्राफ्ट उसी शहर में स्थित बैंकों की शाखा पर आहरित किए जाएं, जिस शहर में स्थित शाखा कार्यालय में आवेदन जमा किया जाता है।

लेकिन, जहां व्यक्ति निवेशक ट्रस्ट के शाखा कार्यालय/संग्रहण केंद्र/विशेष अधिकृत कार्यालय वाले स्थान की बजाए किसी दूसरे स्थान से आवेदन करता है तो उसे ट्रस्ट के शाखा कार्यालय को आवेदन बैंक ड्राफ्ट के साथ बैंक ड्राफ्ट में से बैंक ड्राफ्ट खरीदने हेतु रु. 25/- तक का बैंक प्रभार या वास्तविक खर्च की गई राशि, जो भी कम हो, घटाकर भेजना चाहिए। ऊपर बताए गए अनुसार व्यक्ति निवेशक द्वारा रु. 25/- से अधिक अदा किया गया बैंक ड्राफ्ट कमीशन प्रभार, निवेशक को स्वयं वहन करना होगा। संग्रहण केंद्र/फ्रेन्चाइस कार्यालय/एजेंसी बैंक स्थानीय देय चेक या यूटीआई की संबंधित शाखा कार्यालय पर देय डिमांड ड्राफ्ट के साथ आवेदन स्वीकार करने हेतु प्राधिकृत हैं, जिसमें व्यक्ति निवेशक रु. 25/- की सीमा तक या उसके द्वारा वास्तविक खर्च की गई राशि, जो भी कम हो, काट सकता है। ड्राफ्ट कमीशन प्रभार प्लान के आरंभिक निर्गम व्ययों का एक अंश होगा।

(ख) जहां व्यक्ति-इतर आवेदक द्वारा बैंक ड्राफ्ट का भुगतान किया जाता है, वहां बैंक ड्राफ्ट हेतु कमीशन प्रभार आवेदक को स्वयं वहन करना होगा।

(ग) किंतु, जहां ट्रस्ट के शाखा कार्यालय/संग्रहण केंद्र/विशेष बिक्री कार्यालय हैं और आवेदन स्थानीय बैंक ड्राफ्ट के साथ मिला है तो बैंक ड्राफ्ट कमीशन निवेशक को ही वहन करना होगा।

(घ) यदि भुगतान चेक/ड्राफ्ट द्वारा किया जाए तो आवेदन प्राप्ति की तिथि, ट्रस्ट के शाखा कार्यालय या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र द्वारा आवेदन प्राप्ति की तिथि होगी, बशर्ते चेक की वसूली हो।

(ङ) यदि इस प्लान के अंतर्गत आवेदन राशि न्यूनतम निवेश से कम है, तो सम्पूर्ण राशि ट्रस्ट द्वारा यथोचित रीति से आवेदक को उसके खर्चे पर वापस लौटा दी जाएगी।

(च) अनिवासी भारतीय (एनआरआई)/विदेशी निगमित निकाय (ओसीबी) बेहतर हो यदि अपने आवेदन एनआरआई शाखा, मुंबई में प्रस्तुत करें या यूटीआई की किसी भी शाखा में एनआर(ई)/एनआर(ओ) चेक या रुपए में ड्राफ्ट के साथ उस स्थान पर देय जहां आवेदन स्वीकार किए जाते हैं, पर प्रस्तुत करें।

3) *प्रत्यावर्तन लाभों के साथ निवेश की भुगतान विधि*

एनआरआई/ओसीबी द्वारा किए गए निवेश पर प्रत्यावर्तन का अधिकार निवेशित पूंजी और उस पर अर्जित आय तथा पूंजी वृद्धि (यदि कोई हो) पर तब तक होगा जब तक निवेशक भारत के बाहर का

निवासी बना रहता है। इन स्थितियों में निवेश निम्नलिखित विधियों में से किसी एक के माध्यम से किया जा सकता है :

(क) विदेश में परिचालित बैंक/विनिमय गृह द्वारा यूटीआई के पक्ष में रुपये में जारी किया गया ड्राफ्ट जो उनके भारतीय संपर्ककर्ता बैंक पर आहरित हो।

(ख) भारत स्थित बैंक में निवेशक द्वारा कायम रखे गए एनआरई खाते पर आहरित चेक द्वारा।

(ग) निवेशक की एफसीएनआर जमाओं की राशि से जारी किए गए चेक/ड्राफ्ट द्वारा।

टिप्पणी : नेपाल व भूटान की मुद्राओं में भुगतान स्वीकार नहीं किया जाता है।

4) प्रत्यावर्तन लाभों के बिना निवेश की भुगतान विधि

(क) जहां एनआरओ खाते में धारित निधियों का उपयोग यूनिटों की खरीद के लिए किया जाता है तो इस प्रकार निवेश की गई निधियां और पूंजी वृद्धि (यदि कोई हो), भारत के बाहर प्रत्यावर्तन के योग्य नहीं होगी। इसी प्रकार निवेशक के भारत का निवासी रहने के दौरान रुपए में खरीदे गए यूनिट में निवेश और तत्पश्चात् उसके अनिवासी हो जाने पर यूनिटों की पुनर्खरीद राशि प्रत्यावर्तन हेतु योग्य नहीं होगी।

(ख) भारतीय रिज़र्व बैंक के दिनांक 19 अगस्त, 1994 के परिपत्र ए.डी. (एम.ए.शृंखला) सं. 18 के अनुसार वित्तीय वर्ष 1996-97 के दौरान और उसके उपरांत अर्जित सम्पूर्ण आय पूर्ण प्रत्यावर्तन के योग्य होगी। इन मामलों में यूटीआई एनआरओ खाते में जमा करने के लिए रुपये में अदायगी करेगा। निवेशकों को यह सूचना दी जाती है कि यदि वे यूनिटों पर आय वितरण का विदेश में विप्रेषण चाहते हैं तो अपने बैंक/कर सलाहकार से संपर्क करें।

5. पात्र संस्थाओं, नाबालिगों और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए आवेदक आदि द्वारा आवेदन और प्लान के सदस्य के रूप में पंजीकरण

(i) पात्र संस्थाएं, निगमित निकाय और समितियां (सहकारी समितियों सहित) सदस्य के रूप में पंजीकृत की जा सकती हैं।

(ii) पात्र संस्थाओं, निगमित निकायों या समितियों से जब कभी अपेक्षा की जाएगी, उन्हें यूनिट में निवेश करने की आवेदक की क्षमता से संबंधित सभी दस्तावेज, जैसे संस्था के अंतर्नियम और बहिर्नियम उप-नियम आदि, प्रबंध निकाय द्वारा यूनिट में निवेश हेतु प्राधिकृत करने के लिए पारित संकल्प की प्राधिकृत प्रति और आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी को दिए गए प्राधिकार की प्रति ट्रस्ट को पेश करनी होगी।

(iii) वयस्क, जो किसी नाबालिग का माता-पिता, सौतेला माता-पिता या विधिक अभिभावक है, अधिनियम की धारा 21 की उप-धारा (2ए) के अनुसार और उपबंधित सीमा तक यूनिट रख

सकता है और क्रय-विक्रय कर सकता है। अपेक्षानुसार ऐसा वयस्क, ट्रस्ट द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से नाबालिग की उम्र और नाबालिग की ओर से यूनिट रखने तथा क्रय-विक्रय करने की क्षमता का प्रमाणपत्र ट्रस्ट के समक्ष पेश करेगा। आवेदन में ऐसे वयस्क द्वारा किये गये कथन के अनुसार बिना किसी अतिरिक्त प्रमाण के ट्रस्ट को कार्य करने का अधिकार होगा।

(iv) जहां किसी व्यक्ति द्वारा मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए आवेदन किया जाए वहां ट्रस्ट प्रस्तुत कथन के आधार पर कार्य करेगा और ऐसा करने में यह समझा जाएगा कि ट्रस्ट सद्भावपूर्वक कार्य कर रहा है। ट्रस्ट को हक होगा कि वह केवल आवेदक के साथ व्यवहार करे और उसकी मृत्यु की स्थिति में सभी व्यावहारिक प्रयोजनों के लिए वैकल्पिक आवेदक के साथ व्यवहार करे तथा उक्त आवेदक या वैकल्पिक आवेदक को ट्रस्ट द्वारा यूनिट के संबंध में किया गया भुगतान ट्रस्ट के लिए सही उन्मोचन माना जाएगा।

(v) फर्म को सदस्य के रूप में पंजीकृत किया जाएगा और सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र फर्म के नाम से बनाया जाएगा।

6. आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत करने का ट्रस्ट का अधिकार

ट्रस्ट को यह अधिकार होगा कि वह अपने विवेक के अनुसार योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में यूनिट जारी करने के लिए आवेदन स्वीकृत और/या अस्वीकृत कर सके। ट्रस्ट निम्नलिखित परिस्थितियों में यूनिटें जारी करने हेतु आवेदन अस्वीकृत कर सकता है :

(i) यदि आवेदन रु. 10,000/- की न्यूनतम निवेश राशि से कम के लिए प्राप्त हुआ हो।

(ii) यदि आवेदन, पहले आवेदक द्वारा हस्ताक्षरित न हो।

(iii) यदि आवेदक, योजना में निवेश करने के लिए पात्र न हो। योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में आवेदन करने के संबंध में किसी व्यक्ति की पात्रता या अन्यथा के बारे में ट्रस्ट का निर्णय अंतिम होगा।

(iv) आवेदन अपूर्ण पाये जाने पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा और बिना किसी ब्याज या अन्य राशि के, चाहे जो भी हो, बिना किसी देयता के उसे नामंजूर किया जाएगा।

(v) **प्रथम आवेदक के बैंक विवरण के बिना कोई भी आवेदन अस्वीकार किए जाने के योग्य होगा।**
अस्वीकार किए गए ऐसे मामलों में धन-वापसी ब्याज या अन्य कोई राशि, चाहे जो भी हो, बिना किसी देयता के आवश्यक परिचालनगत एवं प्रक्रियागत औपचारिकताओं के बाद की जाएगी।

7. यूनिट जारी होने से पहले आवेदक को योजना के अंतर्गत अपेक्षाओं को पूरा करना होगा

(क) नाबालिग/मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति की तरफ से योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में यूनिटों के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों को आवेदन करने की अपनी पात्रता के बारे में ट्रस्ट को संतुष्ट करना होगा और ट्रस्ट की सभी अपेक्षाएं, जैसे नाबालिग की ओर से प्राप्त आवेदन पत्र के मामले में जन्म प्रमाणपत्र/मानसिक विकलांगता के मामले में मनोचिकित्सक या नेत्र चिकित्सक का प्रमाणपत्र, पूरी करनी होंगी।

(ख) भागीदारी फर्मों/सहकारी समितियों/निगमित निकायों/कंपनियों जैसे निकायों की तरफ से यूनिटों के लिए आवेदन के साथ भागीदारी विलेख की प्रमाणित प्रति/समिति के उप-नियम/निगमित निकायों को शासित करने वाला अधिनियम/योजना में निवेश करने हेतु प्रबंध समिति के संकल्प के साथ कंपनी के अंतर्नियम एवं बहिर्नियम (यदि वह ट्रस्ट के किसी भी कार्यालय में पहले ही पंजीकृत है तो दस्तावेज के पंजीयन संख्या का उल्लेख करना ही पर्याप्त होगा) प्रस्तुत करने होंगे। यूनिटों की पुनर्खरीद के समय, पुनर्खरीद हेतु अधिकृत करने वाला समिति का संकल्प एवं औपचारिकताओं के अनुपालन के लिए निकाय के संबंधित अधिकारी/(अधिकारियों)को पुनर्खरीद चेक को स्वीकार करने के प्राधिकार को प्रस्तुत करना होगा।

(ग) गलत घोषणा करके/प्रमाणपत्र यूनिट रखने वाला व्यक्ति अपनी सदस्यता के निरस्तीकरण का भागी होगा और उसका नाम सदस्यों की पंजी से काट दिया जाएगा।

(घ) उपरोक्त मामलों में, ट्रस्ट को अधिकार होगा कि वह ऐसी स्थिति में 25% दण्ड के तौर पर घटाने के बाद सममूल्य या एनएवी, जो भी कम हो, पर या ट्रस्ट द्वारा निर्धारित मूल्य पर यूनिटों की पुनर्खरीद करे और गलती से भुगतान किये गये आय वितरण की वसूली पुनर्खरीद राशि से करे और शेष वापस करे। पुनर्खरीद करने और आवेदक को पुनर्खरीद राशि भेजने में ट्रस्ट को जो भी समय लगेगा उसके लिये कोई ब्याज देय नहीं होगा।

8. सदस्यों द्वारा नामांकन

(i) नामांकन सुविधा केवल अपनी ओर से आवेदन करने वाले व्यक्तियों अर्थात् एकल या संयुक्त रूप से दो तक के लिए उपलब्ध है।

(ii) आवेदक केवल एक व्यक्ति को नामित कर सकते हैं ।

(iii) अनिवासी भारतीय अवयस्क सहित किसी भी अवयस्क को नामित किया जा सकता है।

(iv) भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए गये दिशानिर्देशों के अनुसार अनिवासी भारतीय नामित किए जा सकते हैं।

(v) प्लान के चालू रहने के दौरान आवेदक किसी भी समय नामांकन में परिवर्तन कर सकता है।

(vi) सदस्य जो नाबालिग की ओर से माता-पिता या विधिक अभिभावक हों तथा पात्र संस्था, समिति, निगमित निकाय, एचयूएफ, भागीदारी फर्में और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए यूनिट हेतु "आवेदन करने वाले आवेदक को नामांकन करने का अधिकार नहीं होगा।

(vii) अन्य प्रावधान विनियमों में उपलब्ध कराई गई सीमा तक रहेंगे।

(viii) भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 39ए के अंतर्गत सदस्य को सांविधिक नामांकन की सुविधा उपलब्ध है। तदनुसार, जहां यूटीआई सामान्य विनियम, 1964 के अनुसार किसी यूनिट के संदर्भ में नामांकन किया गया है, सदस्य/सदस्यों की मृत्यु के उपरांत सदस्य को देय राशि पर

अधिकार नामिति का होगा और इस प्रकार धारित यूनिटों के संबंध में नामिति को प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा बशर्ते उपरोक्त यूनिटों के संदर्भ में किसी प्रभार या बाधा न हो। उपरोक्त के अनुसार ट्रस्ट द्वारा किया गया भुगतान कथित यूनिटों के संदर्भ में ट्रस्ट का सभी देयताओं से पूर्ण उन्मोचन माना जाएगा।

VIII. यूनिटों की पुनर्खरीद

1. योजना और उसके अंतर्गत बनाए प्लान के अंतर्गत पहले तीन वर्ष के दौरान मृत्यु संबंधी दावों के निपटान के मामले छोड़कर कोई पुनर्खरीद नहीं की जाएगी। तीनों विकल्पों के अंतर्गत, प्लान के यूनिटों की पुनर्खरीद प्लान के आरंभ होने के तीन वर्ष के बाद अर्थात् 1 जुलाई, 2003 से आरंभ होगी। पुनर्खरीद मूल्य यूनिटों के एनएवी पर (पूर्ववर्ती आधार पर) आधारित होगा और उसे प्लान के आरंभ होने की तारीख से छः माह पश्चात् अर्थात् 1 जनवरी 2001 को तथा उसके बाद साप्ताहिक आधार पर समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु जारी किया जाएगा। सप्ताह (सोमवार से रविवार तक) के लिए वैध पुनर्खरीद मूल्य पिछले सप्ताह के बुधवार के एनएवी पर आधारित होगा। यदि बुधवार को महाराष्ट्र राज्य में छुट्टी हो तो उससे एक दिन पूर्व के कार्यदिवस के एनएवी को ध्यान में लिया जाएगा। पुनर्खरीद मूल्य परिकलित करते समय ट्रस्ट को प्रशासनिक लागत और अन्य प्रभार, जो प्रति यूनिट एनएवी के 5% से अधिक न हों, की कटौती करने की स्वतंत्रता होगी।

2. मासिक आय विकल्प

(i) पुनर्खरीद, रजिस्ट्रार के कार्यालय में सदस्यों द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित (सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र के पिछले पृष्ठ पर मुद्रित) पुनर्खरीद अनुरोध की प्राप्ति पर प्रभावी होगी।

(ii) आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति होगी, बशर्ते सदस्य द्वारा न्यूनतम शेष रु. 10,000/- (अंकित मूल्य) कायम रखा जाए।

(iii) पुनर्खरीद के लिए आवेदन करते समय सदस्य को पुनर्खरीद माह सहित तथा उसके बाद के महीनों के बचे हुए शेष अनभुनाए हुए आय वितरण वारंट ट्रस्ट को सौंपने होंगे।

(iv) मासिक आधार पर प्रदत्त पूरे वर्ष के आय वितरण के हकदार बनने के लिए सदस्य को यूनिट पूरे वर्ष तक रखने होंगे। यूनिटों की पुनर्खरीद करने वाले तथा वर्ष के किसी भाग के लिये यूनिट रखनेवाले यूनिट धारक के मामले में वह केवल धारण अवधि के

लिये, जो हमेशा पूर्ण अंग्रेजी कैलेन्डर मास की होगी, आनुपातिक आय वितरण प्राप्त करने का हकदार होगा और माह के भाग को, चाहे वह कितने भी दिन का क्यों न हो, हमेशा छोड़ दिया जाएगा।

(v) पूर्ण रूप से पुनर्खरीद की स्थिति में, ट्रस्ट विधिवत् उन्मोचित पुनर्खरीद अनुरोध पत्र (सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र के पिछले पृष्ठ पर मुद्रित) प्राप्त होने पर स्वीकृति के महीने या भावी महीने के लिए यूनिट पर आय वितरण का भुगतान करने के लिए बाध्य नहीं होगा और न ही पुनर्खरीद की प्राप्तियों पर कोई ब्याज देय होगा, बशर्ते पुनर्खरीद आय का भुगतान म्यूचुअल फंड द्वारा निर्धारित अधिनियमों के अधीन किया गया हो।

(vi) प्राप्त सभी दस्तावेज और अनभुनाए आय वितरण वारंट, यदि कोई हों, निरस्तीकरण के लिये ट्रस्ट द्वारा रख लिये जाएंगे।

(vii) पूर्ववर्ती उप-खण्डों में अन्तर्विष्ट किसी बात के बावजूद, ट्रस्ट यूनिटों की पुनर्खरीद करते समय, सदस्य द्वारा उस समय तक बकाया आय वितरण वारंटों को अभ्यर्पित नहीं करने की स्थिति में पुनर्खरीद राशि में से आय वितरण वारंटों, जो अभ्यर्पित नहीं किए गए, पर भविष्य में देय राशि घटाकर सदस्य को शेष राशि का भुगतान करने के लिए स्वतंत्र होगा। ट्रस्ट विधिवत् उन्मोचित पुनर्खरीद अनुरोध पत्र (सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र के पिछले पृष्ठ पर मुद्रित) की स्वीकृति के बाद तथा पूर्ण पुनर्खरीद की स्थिति में सदस्य को स्वीकृति माह के आय वितरण सहित भावी आय वितरण प्राप्त करने का अधिकार नहीं होगा और ऐसे बकाया आय वितरण की राशि का दावेदार ट्रस्ट होगा।

(viii) आंशिक पुनर्खरीद की स्थिति में, अपने पास रखे जानेवाले यूनिटों की संख्या पर निर्भर करते हुए सदस्य को नयी सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र और स्वीकृति माह सहित शेष अवधि के लिए आय वितरण वारंटों का नया सेट जारी किया जाएगा। पुनर्खरीद राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा बशर्ते पुनर्खरीद आय का भुगतान म्यूचुअल फंड द्वारा निर्धारित अधिनियमों के अधीन किया गया हो

(ix) सदस्य/सदस्यों की मृत्यु हो जाने की स्थिति में विधिक प्रतिनिधि या नामिती द्वारा सदस्यता सूचना/ यूनिट प्रमाणपत्र, यूनिटों की पुनर्खरीद के लिए पुनर्खरीद अनुरोध और बकाया अनभुनाए आय वितरण वारन्ट ट्रस्ट को सौंपे जाने के बाद वह (ट्रस्ट) दावे की मान्यता संबंधी निर्धारित आवश्यकता पूरी होने पर अपने नियमों और दिशा-निर्देशों के अनुसार इसमें ऊपर उपखण्ड (iv) और (vii) में यथावर्णित रूप में यूनिटों की पुनर्खरीद करेगा और दावे की निपटान तिथि तक के बकाया मासिक आय वितरण का आनुपातिक भुगतान करेगा।

(3) वार्षिक एवं संचयी विकल्प

आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति होगी, बशर्ते सदस्य द्वारा दोनों विकल्पों के अंतर्गत न्यूनतम शेष रु. 10,000/- (अंकित मूल्य) कायम रखा जाए।

(4) ट्रस्ट द्वारा पुन:खरीदे गए यूनिटों के लिए भुगतान, कटौती, यदि कोई हो, करने के बाद विधिवत् उन्मोचित पुनर्खरीद अनुरोध पत्र (सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र के पिछले पृष्ठ पर मुद्रित) तथा आय वितरण वारंटों, यदि कोई हों, के प्राप्त हो जाने की तिथि से 10 कार्य दिवसों के भीतर (बशर्ते आवेदन सही हो) ऐसे केन्द्र पर किया जाएगा जहां पुनर्खरीद अनुरोध संसाधित किए जाते हैं।

आवेदक को देय पुनर्खरीद की राशि पर किसी भी कारण से कोई ब्याज देय नहीं होगा बशर्ते पुनर्खरीद आय का भुगतान म्यूचुअल फंड द्वारा निर्धारित अधिनियमों के अधीन किया गया हो तथा ट्रस्ट द्वारा प्रेषित चेक या ड्राफ्ट का वसूली खर्च या प्रेषण की लागत (डाक खर्च सहित) आवेदक द्वारा वहन किया जाएगा।

(5) अनिवासी भारतीय/ओसीबी निवेशकों के मामले में पुनर्खरीद राशि निवेश के स्रोत पर निर्भर रहते हुए अनुच्छेद v(11) (xii) में बताए अनुसार प्रेषित की जाएगी।

(6) यूनिटों की पुनर्खरीद पर प्रतिबंध

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के किसी भी उपबंध में अंतर्विष्ट किसी बात के बावजूद ट्रस्ट यूनिटों की पुनर्खरीद के लिए बाध्य नहीं होगा :

(i) ऐसे दिन, जो कार्य-दिवस नहीं हों; और

(ii) रिकॉर्डों को अद्यतन करने तथा यूनिट पूंजी के समामेलन के लिए जब सदस्यों की पंजी बंद हो, ऐसी (15 दिन से अनधिक) अवधि के दौरान।

स्पष्टीकरण : इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान के प्रयोजनार्थ शब्द "कार्य दिवस" का अर्थ वह दिन है, जो न तो

(i) महाराष्ट्र राज्य या ऐसे अन्य राज्यों में, जहां ट्रस्ट के कार्यालय हों, सार्वजनिक अवकाश के रूप में परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881 के अंतर्गत अधिसूचित हो और न ही

(ii) भारत के राजपत्र में ट्रस्ट द्वारा ऐसे दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया हो कि उस दिन ट्रस्ट का कार्यालय बंद रहेगा।

IX. आय वितरण

(क) सदस्य को निम्नलिखित में से किसी एक विकल्प के चुनाव का अधिकार होगा :

1) मासिक आय विकल्प या

2) वार्षिक आय विकल्प या

3) संचयी विकल्प

यह योजना में निवेश करते समय चुना जाएगा। निवेशक द्वारा विकल्प नहीं दिए जाने के मामले में उसे मासिक आय विकल्प समझा जाएगा। ट्रस्ट के पास निवेशकों को ऐसी शर्त पर जैसा कि भविष्य में तय किया जाए, आय वितरण विकल्प को बदलने (अर्थात मासिक से वार्षिक या संचयी विकल्प या उसके विपरीत) का अधिकार सुरक्षित है। निवेशकों को इसकी सूचना उचित माध्यम से दे दी जाएगी।

1. मासिक आय विकल्प

(i) मासिक आय विकल्प के अंतर्गत आय वितरण की घोषणा और आय वितरण वारंटों का प्रेषण निम्नानुसार किया जाएगा :

लागू अवधि	आय वितरण की दर	वारंट/वारंटों का प्रेषण
जुलाई 2000 - मार्च 2001	9.25% प्र.व.	सदस्यता सूचना के साथ
अप्रैल 2001-जून 2001	9.25% प्र.व.	मार्च/अप्रैल 2001

जुलाई 2001-मार्च 2002	घोषणा मार्च 2001 में की जाएगी	मार्च/अप्रैल 2001
प्रत्येक परवर्ती अप्रैल - मार्च वर्ष 2005 तक की अवधि हेतु	घोषणा प्रत्येक वर्ष के मार्च माह में की जाएगी	मार्च/अप्रैल 2002 और उससे आगे

प्लान के निवेश उद्देश्यों और प्रचलित नीतियों तथा लिखतों से अनुमानित लाभ, जिनमें योजना की निधियों का निवेश किया जाएगा, के आधार पर योजना प्लान के अंतर्गत 9.25% प्रति वर्ष की दर से मासिक रूप से देय प्लान के प्रथम वर्ष के लिए आश्वासित आय अदा करने के लिए पर्याप्त आय प्राप्त कर सकेगी।

(ii) प्रत्येक माह के लिये आय वितरण अगले महीने के प्रारंभ में देय होगा और बैंकों के साथ पूर्व भुगतान व्यवस्था के अंतर्गत भुगतान ट्रस्ट द्वारा विनिर्दिष्ट बैंक की शाखाओं पर सममूल्य पर देय आय वितरण वारंट या ईसीएस द्वारा या किसी लिखत के माध्यम से किया जाएगा।

(iii) आवेदन की स्वीकृति की तिथि पर निर्भर करते हुए एक आय वितरण वारंट स्वीकृति तिथि से 31 अगस्त, 2000 तक की अवधि हेतु तथा 7 वारंट सितंबर 2000 से मार्च 2001 तक की अवधि हेतु ईसीएस या आय वितरण वारंट के जरिए सदस्यता सूचना के साथ भेज दिए जाएंगे। प्रत्येक वर्ष मार्च माह के लिए आय वितरण वारंट 31 मार्च को बनाया जाएगा।

(iv) उप खण्ड (iii) के उपबंधों के प्रावधानों के अधीन, मासिक आधार पर आय वितरण के भुगतान के लिए वारन्ट सदस्य को अग्रिम रूप से भेजे जाएंगे। वारंट को इस प्रकार दिनांकित किया जाएगा कि सदस्य भुगतान के लिए परिपक्व होने पर प्रत्येक वारन्ट को भुना सकें। हरेक वारंट तीन महीने के लिए वैध रहेगा।

(v) वैध अवधि पूरी होने के पहले सदस्य के पास कोई वारंट नहीं पहुंचने या उनके पुराने हो जाने की स्थिति में ट्रस्ट ब्याज का भुगतान करने के लिये बाध्य नहीं होगा।

(vi) पुनर्खरीद की स्थिति में, सदस्य द्वारा अनभुनाए वारंटों को अभ्यर्पित नहीं करने पर, ऐसे आय वितरण वारंटों की राशि पुनर्खरीद प्राप्तियों में से काट ली जाएगी और ऐसे मामलों में सदस्य परवर्ती

माह हेतु बकाया वारंटों तथा वारंटों के परिपक्वता तिथि तक सदस्य के पास रहे वारंटों को भुनाने का पात्र होगा।

(vii) सदस्य की मृत्यु की स्थिति में यदि नामिती/विधिक उत्तराधिकारी यूनिट रखने का पात्र है और आगे भी यूनिट रखना चाहता है, तो ऐसा नामिती/विधिक उत्तराधिकारी अपने पक्ष में आवश्यक सुधार के लिए भावी महीनों के अनभुनाए सभी वारन्ट वापस करने के लिए बाध्य होगा। तथापि, आगे यूनिट रखने के इच्छुक नामिती/ विधिक उत्तराधिकारी मृत सदस्य के पक्ष में पहले से जारी वारन्ट को सुधार कर नये प्रविष्ट सदस्य के पक्ष में करने में लगनेवाले समय के लिये कोई ब्याज या मुआवजा प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा।

(viii) किसी आवेदक की मृत्यु की स्थिति में जहां मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिये आवेदक द्वारा आवेदन किया गया है, वहां वैकल्पिक आवेदक को आवश्यक सुधार के लिये भावी महीनों के अनभुनाए सभी आय वितरण वारंट वापस करने होंगे। लेकिन, ऐसा वैकल्पिक आवेदक मृत आवेदक के पक्ष में पहले से जारी वारंट को सुधार करके नये प्रविष्ट आवेदक के पक्ष में करने में लगनेवाले समय के लिए कोई ब्याज या मुआवज़ा प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा।

2. वार्षिक आय विकल्प

वार्षिक आय विकल्प के अंतर्गत आय वितरण की घोषणा और ईसीएस भुगतान अथवा आय वितरण वारंटों का प्रेषण निम्नानुसार किया जाएगा :

लागू अवधि	आय वितरण की दर	वारंट/वारंटों का प्रेषण
जुलाई 2000 - जून 2001	9.65% प्र.व.	जून 2001
जुलाई 2001-मार्च 2002	घोषणा मार्च 2001 में की जाएगी	मार्च/अप्रैल 2002
वर्ष 2005 तक प्रत्येक परवर्ती अप्रैल - मार्च की अवधि हेतु	घोषणा प्रत्येक वर्ष के मार्च माह में की जाएगी	मार्च/अप्रैल 2003 और उससे आगे

इस विकल्प के अन्तर्गत कोई आय वितरित नहीं की जाएगी। संचयी विकल्प के अंतर्गत आय वितरण की घोषणा एवं आय का संचयन निम्नानुसार किया जाएगा :

लागू अवधि	**आय वितरण की दर**	**वारंट/वारंटों का प्रेषण**
जुलाई 2000 - जून 2001	9.65% प्र.व.	जून 2001
जुलाई 2001-मार्च 2002	घोषणा मार्च 2001 में की जाएगी	मार्च/अप्रैल 2002
वर्ष 2005 तक प्रत्येक परवर्ती अप्रैल - मार्च की अवधि हेतु	घोषणा प्रत्येक वर्ष के मार्च माह में की जाएगी	मार्च/अप्रैल 2003 और उससे आगे

सभी तीनों विकल्पों के अंतर्गत, निवेशक को आवेदन की स्वीकृति की तिथि से 30 जून, 2000 तक की अवधि के लिए सभी तीनों विकल्पों के अंतर्गत 9.25% प्र.व. की दर से आय वितरण का भुगतान सदस्यता सूचना के साथ चेक के माध्यम से किया जाएगा।

4) प्लान के अंतर्गत पहले वर्ष के लिए 9.65% प्र.व. प्रतिलाभ का औचित्य

(i) मान लीजिये 100 करोड़ रुपये एकत्र होते है और आरंभिक निर्गम व्यय 3% हैं और उन्हें 4 वर्ष 9 माह की अवधि के दौरान अपलिखित किया जाता है। पहले वर्ष के लिए उपलब्ध निवेश योग्य निधियां 97 करोड़ रुपये होंगी ।

(ii) साथ ही यह मान लेते हैं कि योजना 70% ऋण लिखतों में निवेश करेगी, जिनका जोखिम तत्व न्यून से मध्यम हो, इन लिखतों का वाईटीएम 11% से 12.5% की सीमा में है, तो निवेश 11.75% औसत भारित प्रतिलाभ अर्जित करेगा।

(iii) इक्विटी में निवेश की गई 30% राशि पर लाभांश के रूप में वार्षिकीकृत आय, इक्विटी पोर्टफोलियो के मूल्य में हुई मूल्यवृद्धि/मूल्यह्रास एवं प्राप्त लाभों को ध्यान में रखते हुए 16% के करीब रहेगी।

(iv) उपरोक्त उदाहरण में योजना द्वारा प्रथम वर्ष में 13.03% आय अर्जित करने का अनुमान है, जैसे कि नीचे दिया गया है :

लिखतें	**पोर्टफोलियो का %**	**निवेश योग्य निधियां**	**प्रतिलाभ (%)**
डिबेंचर	70	67.90	11.75
इक्विटी	30	29.10	16.00

(V) पोर्टफोलियो पर भारित औसत प्रतिलाभ = $\frac{67.90 * 11.75 + 29.10 * 16}{100.00}$ = 13.03%

(vi) वार्षिक व्यय एवं प्रावधानों को 1.25% मानते हुए, वितरण के लिए उपलब्ध आय 11.78% होगी। यह सभी विकल्पों के अंतर्गत प्लान के प्रथम वर्ष हेतु आय वितरण पर 22% प्र.व. कर का भुगतान करने के बाद मासिक आय विकल्प के अंतर्गत 9.25% प्र.व. और वार्षिक आय व संचयी विकल्प के अंतर्गत 9.65% प्र.व. की दर से आय का भुगतान करने हेतु पर्याप्त होगी।

(vii) यह एक दृष्टांत है और प्लान की शुरुआत के समय बातों को मानते हुए बाजार की स्थितियों पर आधारित है

क) जुटाई गई संपूर्ण निधि को कम से कम समय में जैसे 1-2 माह में अभिनियोजन करने के पर्याप्त अवसर होंगे।

ख) इक्विटी पोर्टफोलियो में तरल स्क्रिप्स होंगे और सक्रिय व्यापारिक रणनीति अपनाई जाएगी।

5. बैंक विवरण और *इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा (ईसीएस)* :

(i) निवेशकों के लिए आवेदन पत्र में उचित स्थान पर अपने बैंक खाते का पूर्ण विवरण जैसे, खाते की प्रकृति, खाता संख्या तथा बैंक शाखा का नाम, पता और पिन कोड देना अनिवार्य है।

(ii) हाल ही में, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा पेश की गई इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा (ईसीएस) के अंतर्गत एक नई सुविधा अहमदाबाद, वल्लभगढ/ फरीदाबाद, बेंगलूर, बड़ौदा, भोपाल, भुवनेश्वर, कलकत्ता, चंडीगढ, चेन्नई, हैदराबाद, इन्दौर, जयपुर, जमशेदपुर, लुधियाना, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पुणे, शिमला, सिलिगुड़ी, सूरत और त्रिचूर (कालक्रम में केंद्रों की संख्या जोड़ी/घटाई जा सकती है) के निवेशकों को संबंधित केंद्रों पर उनके बैंक खातों में सीधे जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जहां एकल लिखत की राशि रु. 5,00,000/- से अधिक नहीं है। निवेशकों को उनके बैंक खाते में हुए मासिक जमा का ब्योरा देने वाली विवरणी दी जाएगी।

(iii) बैंक शाखा निवेशक के खाते में जमा करेगी तथा पासबुक/खाता विवरणी में जमा प्रविष्टि को "ईसीएस" से निर्दिष्ट करेगी। जो आवेदक यह सुविधा प्राप्त करना चाहते हैं, वे आवेदन पत्र में अपने बैंक का नाम और पता, खाते का प्रकार और नंबर, 9 अंकों वाली बैंक एवं शाखा कूट संख्या इत्यादि भरें।

(iv) यदि इस सुविधा पर मिली प्रतिक्रिया इसके संचालन हेतु पर्याप्त नहीं हो या कोई अन्य कारण हो तो ट्रस्ट "ईसीएस" के जरिए आय का भुगतान करने के बजाय आय वारंट जारी करके आय की अदायगी कर सकता है।

(v) अनिवासी भारतीय निवेशक को आय वितरण

प्लान के अंतर्गत आय विदेशी मुद्रा नियंत्रण विनियमों के अनुसार अदा की जाएगी। आय के भुगतान की वर्तमान स्थिति इस प्रकार है :

क) वारंट निवेशक के नाम जारी किया जा सकता है तथा सदस्य के एनआरई/एनआरओ खाते में जमा करने के लिए, जैसा भी मामला हो, उसके किसी ऐसे रिश्तेदार को भेजा जा सकता है जो भारत का निवासी हो। अथवा

ख) वारंट किसी ऐसे रिश्तेदार के नाम जारी किया जा सकता है जो भारत का निवासी हो तथा उसे भेजा जा सकता है ताकि वह अपने खाते में जमा कर सके।

एनआरआई निवेशक के मामले में जहां भुगतान उसके निवासी रिश्तेदार के पक्ष में किया जाना अपेक्षित है, वहां ऐसे रिश्तेदार का बैंक खाता विवरण देना आवश्यक है।

(vi) ईसीएस की सुविधा उन अनिवासी भारतीय निवेशकों के लिए भी उपलब्ध है, जिनके मुंबई में अपने बैंक खाते हैं। जो अनिवासी भारतीय निवेशक आय वितरण अपने निवासी संबंधी के खाते में जमा कराने के इच्छुक हैं, उनके लिए ईसीएस की सुविधा उपरोक्त खण्ड (ii) में दर्शाए गए स्थानों पर उपलब्ध कराई जा सकती है।

X. निवेश उद्देश्य, नीतियां, स्टॉक उधार एवं सहवर्ती (डेरिवेटिव्स)

1. निवेश उद्देश्य

(i) योजना का निवेश उद्देश्य मुख्यत: सदस्य को नियमित आय उपलब्ध कराना तथा योजना की परिपक्वता पर ग्राहक की पूंजी में वृद्धि के लिए प्रयत्न करना भी है। योजना के अंतर्गत संग्रहीत

निधियों का सभी आरंभिक निर्गम व्यय अदा करने के बाद सामान्यत: निम्नलिखित रूप में निवेश किया जाएगा :

(क) निधियों का कम से कम 70% मुद्रा बाज़ार लिखतों सहित ऋण लिखतों में निवेश किया जाएगा। निवेश का जोखिम तत्व न्यून से मध्यम होगा।

(ख) निधियों का 30% से अनधिक इक्विटी और इक्विटी संबंधी लिख़तों में निवेश किया जाएगा। इक्विटी निवेश में जोखिम तत्व उच्च हो सकता है।

(ii) न्यूनतम एवं अधिकतम आस्ति आबंटन :
(क) ऋण - न्यूनतम 70%, अधिकतम 100%
(ख) इक्विटी - अधिकतम 30%

(iii) सामान्यत: मुद्रा बाजार लिखतों के लिए सामान्यत: कोई नियत नियोजन नहीं किया जाएगा।

मुद्रा बाजार लिखतों में निवेश न्यूनतम रखा जाएगा ताकि प्लान की तरलता की आवश्यकताएं पूरी हो सकें। तथापि, ऊपर कथित निवेश उद्देश्य के अनुसरण में, प्रतिभूतियों में योजना की निधियों का अभिनियोजन लंबित रखकर, मुद्रा बाजार लिखतों में निवेश कर सकता है ।

(iv) ट्रस्ट रक्षात्मक सोच-विचार पर लघु अवधि हेतु आस्ति आबंटन में परिवर्तन करने का विकल्प अपने पास रखता है ।

2. मूल विशेषताएं

(i) "मूल विशेषताओं" का अर्थ निम्नलिखित है :

(क) योजना का प्रकार	:	मासिक आय प्लान 2000 (द्वितीय)एक नियतकालिक आय निधि है।
(ख) निवेश उद्देश्य	:	जैसा कि इस पेशकश दस्तावेज़ के खंड X के अंतर्गत बताया गया है।
(ग) निर्गम की शर्तें	:	सूचीबद्धता, यूनिटों की पुनर्खरीद एवं व्यय के संबंध में इस पेशकश दस्तावेज में प्रावधान है।

(ii) योजना की मूल विशेषताओं में कोई भी परिवर्तम कम से कम तीन चौथाई सदस्यों की सहमति से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मूल विशेषताओं में कोई परिवर्तन होने पर जो अपनी सहमति न दें उन्हें योजना से अपनी यूनिटधारिताओं का मोचन करने की अनुमति होगी।

(iii) बोर्ड समय-समय पर योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान में परिवर्धन या अन्यथा उसमें संशोधन कर सकता है तथा ऐसा कोई संशोधन/परिवर्धन भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की शर्तों के अनुसार सरकारी राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा।

(iv) योजना की मूल विशेषताओं में कोई परिवर्तन/संशोधन/परिवर्धन सेबी के पूर्व अनुमोदन से किया जाएगा। अन्य कोई परिवर्तन/संशोधन/परिवर्धन, जो मूल विशेषताओं में संशोधन नहीं है और जो यूनिटधारकों के हितों को प्रभावित नहीं करते हैं, उनके बारे में सेबी को सूचित किया जाएगा।

3. निवेश नीतियां

(i) योजना अपने एनएवी के 15% से अधिक का निवेश किसी एकल जारीकर्ता द्वारा जारी किए गए ऋण लिखतों में नहीं करेगी, जिसका निर्धारण सेबी के अंतर्गत ऐसा कार्यकलाप करने हेतु प्राधिकृत क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा निवेश श्रेणी के नीचे नहीं किया जाता है। ऐसे निवेश की सीमा न्यासी मंडल के पूर्व अनुमोदन से योजना के एनएवी के 20% तक बढ़ाई जा सकती है। बशर्ते कि यह सीमा सरकारी प्रतिभूतियों और मुद्रा बाजार लिखतों में किए जाने वाले निवेशों के लिए लागू न हो।

(ii) योजना अपने एनएवी के 10% से अधिक का निवेश किसी एकल जारी कर्ता द्वारा जारी किए गए अनिर्धारित ऋण लिखतों में नहीं करेगी और ऐसे लिखतों में कुल निवेश योजना के एनएवी के 25% से अधिक नहीं होगा। ऐसे सभी निवेश न्यासी मंडल के पूर्व अनुमोदन से किए जाएंगे।

(iii) इस योजना द्वारा कोई सावधि ऋण नहीं दिये जाएंगे।

(iv) ट्रस्ट प्रतिभूतियों का क्रय विक्रय सुपुर्दगियों के आधार पर करेगा और खरीद के सभी मामलों में संबंधित प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी लेगा और बिक्री के सभी मामलों में प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी करेगा और किसी भी मामले में खुद को ऐसी स्थिति में नहीं डालेगा जिससे इसे मंदड़िया बिक्री करनी पड़े या सौदे का वायदा (कैरी फारवर्ड) करना पड़े या बदला वित्त में लिप्त होना पड़े । बशर्ते कि म्यूचुअल फंड सेबी द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों के अनुसार बचाव करने और पोर्टफोलियो संतुलित करने के उद्देश्य से मान्यताप्राप्त शेयर बाजारों में डेरिवेटिवों के कारोबार में प्रवेश करेंगे।

(v) ट्रस्ट प्रतिभूतियों की खरीद या अंतरण ट्रस्ट के नाम से करवाएगा।

(vi) आवश्यक अनुमोदन की शर्त पर, यूटीआई उपयुक्त परिस्थितियों में फ्यूचर्स एवं ऑप्शन्स और अन्य सहवर्ती जैसी तकनीक एवं लिखतों का, लागू विनियमों एवं प्रतिपक्ष जोखिम निर्धारण की शर्त

पर, जब वे भारतीय बाजारों में लागू हो जाते हैं, प्लान की निवेश नीति सिद्ध करने के उद्देश्यों या बचाव या जोखिम न्यून करने हेतु प्रयोग कर सकता है।

(vii) (क) यह योजना सेबी द्वारा घोषित, प्रतिभूतियां उधार देने की शर्तों के अनुसार, स्टाक उधार देने के क्रियाकलाप में सहभागी हो सकती है। यह क्रियाकलाप किसी स्वीकृत मध्यस्थ के जरिए किया जाएगा।

(ख) स्टाक उधार देने वाले कार्यक्रम में किसी एकल मध्यस्थ का योजना में अधिकतम प्रभावन किसी भी समय योजना के इक्विटी पोर्टफोलियो के बाजार मूल्य का 10% तक हो सकता है।

(ग) म्यूचुअल फंडों और यूटीआई को स्टाक उधार लेने की अनुमति है। योजना इस संबंध में सेबी

दिशानिर्देशों के अनुसार उचित स्थितियों में स्टाक उधार ले सकती है।

(viii) योजना, समुद्रपारीय/विदेशी कंपनियों द्वारा जारी एवं विदेश में सूचीबद्ध प्रतिभूतियों या भारतीय निकायों द्वारा विदेशी/ समुद्रपारीय निवेशकों को जारी एवं विदेशी स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध प्रतिभूतियों में निवेश के संबंध में समय-समय पर जारी सेबी/ आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार ऐसे निर्गमों में अभिदान करके या विदेशी स्टॉक एक्सचेंजों के जरिए क्रय करके सीधे निवेश कर सकती है।

(ix) योजना इनमें से किसी में निवेश नहीं करेगी ;

क) ट्रस्ट की सहायक या समूह कंपनी की कोई असूचीबद्ध प्रतिभूति ; या

ख) ट्रस्ट की सहायक या समूह कंपनी द्वारा निजी स्थापन के माध्यम से जारी की गई कोई प्रतिभूति; या

ग) ट्रस्ट की समूह कंपनी की सूचीबद्ध प्रतिभूतियां जो ट्रस्ट की सभी योजनाओं के शुद्ध आस्तियों के 25% का आधिक्य है।

(x) सेबी द्वारा सूचित किए अनुसार यूटीआई सिक्योरिटीज लि. के जरिए प्लान के लिए प्रतिभूतियों की खरीद और बिक्री किसी भी तीन महीने की अवधि के दौरान प्लान द्वारा की गई प्रतिभूतियों की समग्र खरीद और बिक्री के 5% से अधिक नहीं होगी।

(xi) जनता को पेश न किए गए ऋण लिखतों में निवेश : योजना उपलब्ध आय पर निर्भर करते हुए जनता को पेश न किए गए ऋण प्रतिभूतियों में निवेश कर सकती है।

(xii) तरलता की आवश्यकताओं के आधार पर, योजना बिना किसी निवेश सीमा के भारत सरकार/ राज्य सरकार की प्रतिभूतियों में निवेश कर सकती है।

(xiii) योजना किसी कंपनी की इक्विटी संबंधित लिखतों अथवा इक्विटी शेयरों में उसकी एनएवी का 10% से अधिक का निवेश नहीं करेगी।

(xiv) योजना किसी कंपनी की इक्विटी संबंधित लिखतों अथवा असूचीबद्ध इक्विटी शेयरों में उसकी एनएवी का 10% से अधिक निवेश नहीं करेगी।

4. ट्रस्ट की योजनाओं में कार्पोरेट निवेश और इन कंपनियों में ट्रस्ट का निवेश

(i) 31/12/99 के अनुसार उन योजनाओं की सूची जिनमें कंपनियों ने योजना के शुद्ध आस्ति मूल्य का 5% से अधिक निवेश किया है।

क्र. सं.	योजना का नाम	योजना की आस्तियों के 5% से अधिक धारिता वाली कंपनी का नाम
1.	आईआईएसएफयूएस,97	एचडीएफसी हिन्दुस्तान लीवर लि.
2.	आईआईएसएफयूएस 97 (II)	स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
		द पियरलेस जनरल फाइनांस एंड इन्वेस्टमेंट कं.लि.

3.	आईआईएसएफयूएस 98	द पियरलेस जनरल फाइनांस एंड इन्वेस्टमेंट कं.लि.
4.	आईआईएसएफयूएस 98 (II)	नेशनल हाऊसिंग बैंक
5.	एमआईपी 97(IV)	ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स
6.	एमआईएफ	द पियरलेस जनरल फाइनांस एंड इन्वेस्टमेंट कं.लि.
		स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
7.	एमवीयूपी	आईडीबीआई
		एसबीआई
8.	ग्रोथ सेक्टर फंड (ब्रांड वैल्यू)	अरानिक सिक्योरिटीज प्रा. लि.
9.	ग्रोथ सेक्टर फंड (फार्मा)	स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद
10.	ग्रोथ सेक्टर फंड (सर्विसेज)	स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद
11.	जी सेक	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
		स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
12.	यूटीआई-एमएमएफ	बेनेट, कोलमन एण्ड कं. लि.
		यूटीआई बैंक लि.
		द अरविंद मिल्स लि.
		भारतीय स्टॉक धारिता निगम लि.

(ii) **31/12/99** को उपरोक्त योजना द्वारा या यूटीआई की किसी अन्य योजना द्वारा उपरोक्त कंपनियों या उसकी सहायक कंपनियों में सकल आधार पर किया गया निवेश ।

(रु. करोड़ में)

कंपनी का नाम	**इक्विटी (लागत)**	**ऋण (लागत)**	**जमा**	**कुल**
स्टेट बैंक ऑफ मैसूर	0.18	0.00	0.00	0.18
स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद	0.00	0.76	0.00	0.76
आईडीबीआई बैंक	0.85	0.00	0.00	0.85
भारतीय स्टॉक धारिता निगम लि.	7.33	0.00	0.00	7.33
हिन्द लीवर केमिकल्स लि. (हिन्दुस्तान लीवर लि. की सहयोगी)	20.45	0.00	0.00	20.45
ओरिएन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स	29.07	0.00	0.00	29.07
एसबीआई कैपिटल मार्केट्स (एसबीआई की सहयोगी)	0.00	35.45	0.00	35.45
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	0.00	50.00	0.00	50.00
द अरविन्द मिल्स लि.	58.35	1.07	0.00	59.42
सिडबी (आईडीबीआई की सहयोगी)	0.00	75.96	0.00	75.96
यूटीआई बैंक लि.	89.12	0.00	0.00	89.12
एचडीएफसी	234.50	91.63	0.00	326.13
एसबीआई	599.33	57.01	0.00	656.34
हिन्दुस्तान लीवर लि.	1782.16	0.00	0.44	1782.60
आईडीबीआई	352.73	2012.16	0.00	2364.89
योग	**3174.07**	**2324.04**	**0.44**	**5498.55**

(ii) **31/12/98** को उपरोक्त योजना द्वारा या यूटीआई की किसी अन्य योजना द्वारा उपरोक्त कंपनियों या उसकी सहायक कंपनियों में सकल आधार पर किया गया निवेश ।

(रु. करोड़ में)

कंपनी का नाम	इक्विटी (लागत)	ऋण (लागत)	जमा	कुल
स्टेट बैंक ऑफ मैसूर	0.18	0.00	0.00	0.18
स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद	0.00	0.65	0.00	0.65
आईडीबीआई बैंक	0.00	0.00	0.00	0.00
भारतीय स्टॉक धारिता निगम लि.	7.51	0.00	0.00	7.51
हिन्द लीवर केमिकल्स लि. (हिन्दुस्तान लीवर लि. की सहयोगी)		0.00	0.00	0.00
ओरिएन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स	31.66	0.00	0.00	31.66
एसबीआई कैपिटल मार्केट्स (एसबीआई की सहयोगी)	0.00	0.00	0.00	0.00
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	0.00	0.00	0.00	0.00
द अरविन्द मिल्स लि.	97.76	2.24	0.00	100.00
सिडबी (आईडीबीआई की सहयोगी)	0.00	75.36	0.00	75.36
यूटीआई बैंक लि.	89.12	0.00	0.00	89.12
एचडीएफसी	303.39	150.00	0.00	453.39
एसबीआई	844.50	52.33	0.00	896.83
हिन्दुस्तान लीवर लि.	1082.68	6.60	0.87	1090.15
आईडीबीआई	363.39	1883.92	0.00	2247.31
योग	**2820.19**	**2171.10**	**0.87**	**4992.16**

यूटीआई द्वारा यह निवेश अपने सामान्य कारोबार के दौरान किया गया ।

XI. अंतर योजना अंतरण

इस योजना से ट्रस्ट की दूसरी योजना / प्लान में अंतरण केवल तभी किया जाएगा जब -

क) उधृत लिखतों के लिए प्रचलित बाजार मूल्य पर ऐसे अंतरण स्पॉट आधार पर किए गए हों।

स्पष्टीकरण : "स्पॉट आधार" का अर्थ वही होगा जो स्टॉक एक्सचेंज द्वारा स्पॉट सौदों के लिए निर्दिष्ट है।

ख) ऐसी अंतरित प्रतिभूतियां उस योजना/प्लान के निवेश उद्देश्यों के अनुरूप हों जिनमें ऐसे अंतरण किए जाते हैं।

ग) प्लान से/में असूचीबद्ध या अनोद्धृत निवेश का ट्रस्ट की अन्य योजना/प्लान में/से अंतरण ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार किया जाएगा।

XII. संयुक्त सौदे एवं उधार

1. योजना यूनिटों की पुनर्खरीद, प्रतिदान या सदस्यों को आय या ब्याज की अदायगी करने की योजना की अस्थाई नकदी जरूरतों को पूरा करने के लिए उधार लेने के अलावा उधार नहीं लेगी।

परन्तु उधार योजना की शुद्ध आस्ति के 20% से अधिक नहीं लिया जाएगा और इस तरह के उधार की अवधि छः माह से अधिक नहीं होगी।

2. भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 20 के अनुसार ट्रस्ट को निम्नलिखित उधार लेने की शक्तियां प्राप्त हैं :

(i) ट्रस्ट, भारत या भारत से बाहर के किसी प्राधिकरण या व्यक्ति, जो सरकार या रिज़र्व बैंक न हो, से ऐसी प्रतिभूति के प्रति एवं ऐसी शर्तों एवं परिस्थितियों पर जिस पर वे आपस में सहमत हों, उधार ले सकता है।

(ii) ट्रस्ट रिज़र्व बैंक से उधार ले सकता है -

(क) भारत में इस समय लागू किसी कानून द्वारा जिससे न्यासी ट्रस्ट का धन निवेश करने हेतु प्राधिकृत है, स्टॉक, निधियों एवं प्रतिभूतियों के प्रति (अचल संपत्तियों के अतिरिक्त) मांग पर या नियत अवधि की समाप्ति पर प्रतिदेय जो इस प्रकार ली गई राशि की तिथि से नब्बे दिन से अधिक न हो ;

(ख) केंद्रीय सरकार के अनुमोदन से बांडों की प्रतिभूति के प्रति, जिसे ट्रस्ट जारी कर सकता है, मांग पर या जिस तिथि से ऐसी राशि उधार ली गई है, उस तिथि से अठारह महीनों की अवधि के भीतर प्रतिदेय है;

(ग) प्रथम यूनिट योजना के अतिरिक्त किसी अन्य योजना के प्रयोजन हेतु जिसे इस संदर्भ में रिज़र्व बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट किया गया है ट्रस्ट की ऐसी अन्य संपत्तियों की प्रतिभूति के प्रति या ऐसी शर्तों एवं नियमों पर :

बशर्ते कि इस खंड के अंतर्गत उधार ली गई कोई राशि एवं किसी एक समय पर बकाया राशि -

(क) ऐसी प्रत्येक योजना के संबंध में पांच करोड़ रुपए से ज्यादा न हो ; एवं

(ख) समग्र रूप से ऐसी समस्त योजनाओं के संबंध में दस करोड़ रुपए से अधिक न हो ।

(iii) ट्रस्ट द्वारा धारा 20 की उप धारा (ii) के अंतर्गत जारी बांड के मूल राशि की अदायगी की गारंटी केंद्रीय सरकार द्वारा दी जाएगी एवं ब्याज का भुगतान बांड जारी करते समय केंद्रीय सरकार द्वारा निर्धारित दर पर किया जाएगा।

XIII. एनएवी निर्धारण एवं आस्तियों का मूल्यांकन

1. शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) का परिकलन और प्रकटीकरण :

योजना के अंतर्गत जारी यूनिटों के शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के उपचयों और उपबंधों को ध्यान में रखते हुए योजना की आस्तियों के मूल्य को निर्धारित कर और योजना की देयताओं को घटाकर किया जाएगा। प्रति यूनिट शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के एनएवी में उस तिथि को जारी और बकाया यूनिटों की कुल संख्या से भाग दे कर किया जाएगा। योजना का एनएवी मासिक आय विकल्प, वार्षिक आय विकल्प और संचयी विकल्प के लिए अलग-अलग निर्धारित किया जाएगा। अभिदान बंद होने की तिथि से छः माह के भीतर और उसके बाद साप्ताहिक आधार पर (अगले सोमवार से रविवार तक जिसमें मूल्यांकन तिथि पिछले बुधवार की होगी) शुद्ध आस्ति मूल्य (पूर्ववर्ती आधार पर) समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु जारी किया जाएगा।

2. इस योजना की आस्तियों का मूल्यांकन

(i) अवरुद्ध अवधि के अधीन वाले निवेशों, यदि कोई हों, सहित उद्धृत निवेशों परंतु सरकारी प्रतिभूतियों को छोड़कर, का मूल्यांकन, मूल्यांकन की तारीख को बाजार में बंद मूल्य पर किया जाता है तथा इसके उपलब्ध न होने पर मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि में बिल्कुल हाल ही की उपलब्ध दर पर किया जाता है। यदि मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि हेतु, कोई भाव उपलब्ध नहीं है तो उसे अनोद्धृत निवेश माना जाता है।

(ii) उद्धृत सरकारी प्रतिभूतियां मूल्यांकन तिथि को अंतिम एनएसई बाजार दरों पर मूल्यांकित की जाती हैं और इसकी अनुपस्थिति में मूल्यांकन तिथि से पहले 7 दिन की अवधि के अंदर उपलब्ध नवीनतम भाव को मूल्यांकन के लिए लिया जाता है। यदि मूल्यांकन की तिथि से सात दिन पूर्व की अवधि हेतु कोई भाव उपलब्ध नहीं हो तो उसे अनोद्धृत सरकारी प्रतिभूतियां माना जाएगा।

(iii) उद्धृत डिबेंचरों और बांडों के मामले में, बाजार दर, जो ब्याज सहित है उसे ब्याज तत्त्व यदि कोई हो, के लिए समायोजित किया जाता है।

(iv) शेयरों के अधिकार पात्रता का मूल्यांकन, लाभांश तत्व हेतु बट्टा काटकर, जहां लागू हो, बाजार दर पर किया जाता है।

(v) अनोद्धृत अधिमान शेयर/संचयी परिवर्तनीय अधिमान शेयर लागत पर लिए जाते हैं।

(vi) अनोद्धृत इक्विटी शेयर जैसे कि न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित किया जाए, उचित मूल्यांकन आधार पर मूल्यांकित किए जाते हैं।

(vii) अनोद्धृत डिबेंचर, बॉण्ड एवं अंतरणीय नोट परिपक्वता पर प्रतिफल पर मूल्यांकित किए जाते हैं, जो न्यासी मंडल द्वारा मूल्य वृद्धि के अनुमोदन के साथ भारत सरकार की प्रतिभूतियों (आय कर्व) से जुड़ा है।

(viii) अनोद्धृत वारंट, अंतरनिहित इक्विटी शेयरों के बाजार दर पर, लाभांश तत्त्व के लिए बट्टा काटकर, यदि कोई हो, तथा देय प्रायोगिक मूल्य से कम करके मूल्यांकित किए जाते हैं। जिन मामलों में इस तरह लिए गए मूल्य से प्रायोगिक देय मूल्य ज्यादा हो, वहां वारंटों का मूल्य शून्य लिया जाता है।

(ix) अनोद्धृत सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्यांकन प्रचलित ब्याज दर पर परिपक्वता पर प्रतिफल के आधार पर किया जाता है।

(x) परिवर्तनीय डिबेंचर एवं बॉण्ड, जहां मिश्र बाजार भाव उपलब्ध न हो, वहां परिवर्तनीय भाग का मूल्यांकन संबंधित इक्विटी शेयरों के बाज़ार दर पर, जिनमें लाभांश तत्त्व, यदि कोई हो, काट कर किया जाता है। ऐसे डिबेंचरों एवं बॉण्डों का अपरिवर्तनीय भाग, यदि कोई हो, का मूल्यांकन, उपरोक्त (vi) के अनुसार किया जाता है। जहां परिवर्तनीय भाग के लिए परिवर्तन की शर्तें विनिर्दिष्ट न हों, वहां उन्हें लागत पर लिया जाता है।

(xi) पूंजी सूचकांकित बॉण्ड लागत पर मूल्यांकित किए जाते हैं।

(xii) ***मुद्रा बाजार लिखतों के लिए मूल्यांकन नीति :-***

(क) मुद्रा बाज़ार लिखतें एवं अन्य निवेश बही मूल्य पर लिए जाते हैं।

(ख) अंतर बैंक कॉल बाज़ार में निवेशित राशि लागत पर ली जाती है।

